रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, गुरुवार 12 दिसंबर 2024, वर्ष 10, अंक 330 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

बिग ब्रेकिंग



फिलिस्तीनी राजनयिक ने वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि भारत गाजा के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। अबेद एलराजेग एबी जाजर ने सुझाव दिया कि भारत की स्थिति और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को देखते हुए नई दिल्ली को गाजा में फिलिस्तीनियों द्वारा आवश्यक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का समर्थन करने में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में शामिल होना चाहिए।



*'दिल्ली में अकेले दम पर ही लड़ेंगे चुनाव'*

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने एक बड़ा एलान किया है। आप ने कांग्रेस के गठबंधन को खारिज कर दिया है। केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली में अकेले दम पर चुनाव लड़ेंगे।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने सदन में पेश किया 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट

## पत्रकारों को बीमा, पेंशन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की विधानसभा में आज घोषणा की

**रांची** : षष्ठम झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में हेमंत सोरेन सरकार का रोडमैप प्रदेश के लोगों के सामने रखा। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि राज्य के सभी नवनिर्वाचित विधायक सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखंड के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। सरकार , केंद्रीय गृह मंत्रालय से इन प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दिलाने का प्रयास करेगी। राज्यपाल ने कहा कि सहारा इंडिया से पीड़ित निवेशकों की लड़ाई झारखंड सरकार लड़ेगी।

राज्यपाल ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराएगी। राज्यपाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में झारखंड में 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस की स्थापना की जाएगी। इन स्कूलों में स्वास्थ्य और संगीत के शिक्षकों की नियुक्ति होगी। राज्यपाल ने कहा कि 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय भी खोले जाएंगे। सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे। झारखंड में मदरसा बोर्ड का गठन किया जाएगा। जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की जाएगी। ग्राम संगठन को बिना ब्याज 15 लाख का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया जाएगा। अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से लोगों को जोड़ा जाएगा।गरीबों को 7 किलो चावल और 2 किलो दाल सरकार की ओर से दिया जाएगा। अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को 3 कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन बच्चों को अंडा या फल दिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में वर्षों पुराने बने घरों के नक्शे का नियमितीकरण किया जाएगा। राज्यकर्मियों की पुरानी पेंशन को सरकार सुरक्षित रखेगी। नई पेंशन योजना के तहत जमा पैसे केंद्र सरकार से वापस लेकर उनके पेंशन खाते में जमा करवाएगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले झारखंड के खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर नियुक्ति की जाएगी। जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी जैसे खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार करने के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कया जाएगा। झारखंड में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।



**राज्यपाल ने कहा कि पंचम विधानसभा में हेमंत सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण देने के अलावा सरना धर्मकोड का प्रस्ताव पास किया था। ये सभी प्रस्ताव अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास लंबित हैं।**

## बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने बांग्लादेश -भारत व पाकिस्तान के बीच बदलते संबंधों की कड़ी आलोचना की है




तस्लीमा नसरीन ने पाकिस्तान की ओर बांग्लादेश के झुकाव और बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जमकर आलोचना की है. तस्लीमा नसरीन ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंधों पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, 'जिस भारत के 17,000 सैनिकों ने Bangladesh को उसके दुश्मन पाकिस्तान से बचाने के लिए अपनी जान गंवा दी, अब उसी भारत को दुश्मन माना जा रहा है. जिस भारत ने 10 मिलियन शरणार्थियों को आश्रय, भोजन और कपड़े दिए, वह अब दुश्मन बन गया है. जिस भारत ने बांग्लादेश को पाकिस्तानी सेना से बचाने के लिए हथियार और प्रशिक्षण स्वतंत्रता सेनानियों को दिया, वह अब दुश्मन माना जाता है।और जिस पाकिस्तान ने 3 मिलियन लोगों को मार डाला और 200,000 महिलाओं के साथ बलात्कार किया।वह अब दोस्त बन गया है।आतंकवादियों को पैदा करने में नंबर एक पर रहने वाला पाकिस्तान अब दोस्त माना जा रहा है. जिस पाकिस्तान ने 1971 के अत्याचारों के लिए बांग्लादेश से अभी तक माफी नहीं मांगी है, वह अब एक मित्र राष्ट्र माना जाता है।

# JPSC अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द करे झारखंड सरकार : हाई कोर्ट




**रांची** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र JPSC अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को JPSC 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द JPSC अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि JPSC में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है। एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में JPSC अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है।

कोर्ट ने कहा कि JPSC के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है?

सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।

# कांग्रेस की विधानसभा चुनाव को लेकर हुई समिक्षा बैठक

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण आश्रम में हजारीबाग विधानसभा में हुए चुनाव के नतीजे को लेकर एक समिक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की । इस बैठक मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला चुनाव समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि जिला चुनाव समिक्षा समिति के सदस्य सुल्तान अहमद, रविन्द्र झा तथा संविधान रक्षक अभियान के जिला संयोजक शांतनु मिश्रा उपस्थित हुए ।

जिला समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुन कर इसकी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करेगें । बैठक के पश्चात जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव असगरी अंजूम के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता निसार खान नें दी ।





# पीएम मोदी ने देशवासियों को दी गीता जयंती की शुभकामनाएं; प्रणब मुखर्जी



**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को गीता जयंती पर शुभकामनाएं दीं। हिंदू धर्म के अहम ग्रंथों में से एक गीता की खासियतें बताते हुए पीएम मोदी ने भगवान श्रीकृष्ण को प्रणाम किया।

इसके अलावा पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि प्रणब बाबू एक ऐसी अनूठी हस्ती थे जो एक उत्कृष्ट राजनेता होने के साथ ही अद्भुत प्रशासक और ज्ञान का भंडार भी थे। कांग्रेस के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता मुखर्जी ने भारत का 13वां राष्ट्रपति बनने से पहले कई सरकारों में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। 31 अगस्त, 2020 को 84 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उनके पास विभिन्न क्षेत्रों में आम सहमति बनाने की अद्भुत क्षमता थी और यह शासन में उनके व्यापक अनुभव और भारत की संस्कृति एवं लोकाचार के बारे में उनकी गहरी समझ के कारण संभव हुआ।'

# चीन ने ऐसी क्या चीज दी कि पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश सब बर्बाद, भारत से पंगा लेना पड़ा भारी




**नई दिल्लीः** चीन के खतरनाक मंसूबे अब दुनिया को दिखने लगे हैं। 2012 में जब शी जिनपिंग चीन के राष्ट्रपति बने तो उनका लॉन्ग टर्म मकसद चीन को पूरी दुनिया पर राज करने का था। चीन आदत से साम्राज्यवादी देश है। मगर, मौजूदा दौर में किसी की जमीन पर कब्जा करने का मतलब है पूरी दुनिया से लोहा लेना। ऐसे में चीन ने आर्थिक साम्राज्यवाद की नीति अपनाई, जिसके दो अहम हिस्से हैं-प्रॉफिट और पॉवर। अब इसी की बदौलत चीन ने दुनिया के करीब 150 देशों को भारी-भारी कर्ज दे रखा है, जिनका ब्याज इतना ज्यादा होता है कि चीन से लोन लेने वाला देश डूब जाता है। यह समझते हैं कि चीन का यह इरादा क्या है? क्यों चीन दुनिया भर में कर्जे बांट रहा है? चीन से कर्ज लेने वाले भारत के पड़ोसी देश कैसे बर्बाद हो गए? हाल ही में विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में पाया गया है कि चीन ने भारत के पड़ोसी देशों को 48.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया है, जो भारत के पड़ोसी देशों को दी गई रकम से 5 गुना अधिक है। यह विश्व बैंक और अन्य विदेशी संस्थानों सहित इन देशों पर बकाया कुल 324 अरब डॉलर के कर्ज का 14.8 प्रतिशत है। इसकी तुलना में, भारत ने उन्हीं देशों को 9 बिलियन डॉलर का ऋण दिया है, जो इन देशों पर बकाया कुल ऋण का 2.8 प्रतिशत है। डेब्ट ट्रैप कूटनीति का मतलब यह है कि इसे कर्ज देने वाला देश कर्ज लेने वाले देश के राजनीतिक मामलों में दखल देने लगता है।

# अब तक 88 हमले... भारत ने दिखाई सख्ती तो बांग्लादेश ने अल्पसंख्यकों पर हमले का किया खुलासा

**बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के जाने के बाद अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं। अगस्त से अक्टूबर के बीच ऐसी 88 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 70 गिरफ्तारियां हुईं।**



**नई दिल्लीः** बांग्लादेश में अगस्त में शेख हसीना की सरकार जाने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों की 88 घटनाएं सामने आई हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने यह जानकारी दी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बताया कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह खुलासा भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बांग्लादेश दौरे के एक दिन बाद हुआ है। मिस्री ने बांग्लादेशी नेतृत्व के साथ बैठक में अल्पसंख्यकों पर हमलों पर चिंता जताई थी और उनकी सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता से अवगत कराया था। अल्पसंख्यकों से जुड़ी घटनाओं में 88 मामले दर्ज

आलम ने पत्रकारों को बताया कि 5 अगस्त से 22 अक्टूबर के बीच अल्पसंख्यकों से जुड़ी 88 घटनाओं में मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'मामलों और गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि सुनामगंज, गाजीपुर और अन्य इलाकों में हिंसा की नई घटनाएं भी सामने आई हैं।'

# सॉरी अतुल सुभाष! तुम्हारे लिए न संसद में आवाज उठेगी न कोई अदालत संज्ञान लेगी; तुम पुरुष जो थे!

**जस्टिस इज ड्यू।** अतुल सुभाष के कमरे जब बेंगलुरु पुलिस दाखिल हुई तो उस प्रतिभावान युवक की बेजान देह के पास ही एक तख्ती पर ये शब्द लिखे हुए थे। जस्टिस इज ड्यू यानी इंसाफ बाकी है। अतुल सुभाष की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। 24 पेज का सुसाइड नोट। मरने से पहले 80 मिनट का रिकॉर्डेड वीडियो। हर पन्ने पर पीड़ा, हर शब्द में जैसे सिसकी। शब्द क्या, आह थे। सुसाइड नोट नहीं, हमारे सड़े हुए सिस्टम, बेइंतहा क्रूरता की हद तक सौदेबाजी में तब्दील हो चुके रिश्तों, कानून, न्याय व्यवस्था की सड़ांध का जीता-जागता दस्तावेज। आज सुबह एक अजीज दोस्त ने अतुल सुभाष का मुद्दा छेड़ते हुए जब कहा कि ये तो बहुत डरावना है, तब निःशब्द था। क्या कहें, शब्द नहीं। अतुल सुभाष की मौत ने पूरे देश को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर जबरदस्त आक्रोश है। डाइनिंग टेबल से लेकर चाय के ठेले तक इसकी ही चर्चा है। घूम फिरकर बात यही आती है- जस्टिस इज ड्यू। 34 साल के अतुल

**अतुल सुभाष ने मौत से पहले जो 22 पन्ने का नोट और 80 मिनट का वीडियो बनाया है, उसमें सिर्फ एक इंसान की पीड़ा ही नहीं हैं बल्कि सिस्टम, समाज, कानून, न्याय व्यवस्था की सड़ांध का जीता-जागता दस्तावेज भी है। पुलिस को उनके कमरे में एक प्लेकार्ड भी मिला, जिस पर लिखा था- जस्टिस इज ड्यू। तो क्या इंसाफ मिलेगा?**




**दहेज उत्पीड़न मामलों में कानून का दुरुपयोग रुकना चाहिए**

*सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को उनके ससुराल वालों की क्रूरता से बचाने वाले कानूनों के 'दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति' को चिह्नित किया और कहा कि अदालतों को निर्दोष लोगों के अनावश्यक उत्पीड़न को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों का फैसला करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।*

# आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की शर्तों में दी ढील

**नई दिल्ली** सिसोदिया को रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने, इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पहले 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद अलग-अलग आरोपों के तहत ईडी ने भी सिसोदिया पर शिकंजा कसा। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत शर्तों में ढील दी है। जमानत की शर्तों के मुताबिक उनको भ्रष्टाचार और मनी लॉड्रिंग से जुड़े मामलों में सप्ताह में दो बार जांच अधिकारी के सामने पेश होना था। अब सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह जरूरी नहीं है। वे नियमित रूप से अदालत में मामले की सुनवाई में शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 22 नवंबर को आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत की शर्तों पर छूट की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की मंजूरी दे दी थी। कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने नौ अगस्त को आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को जमानत दे दी थी। इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया 17 महीने से हिरासत में हैं और अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ है, जिससे उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित होना पड़ा।



**कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने नौ अगस्त को आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को जमानत दे दी थी।**



राँची। ये हैं सावना कोइरी जुर्माना 6000/-, जयराम कोइरी जुर्माना 6000/-, कैलाशपति कोइरी जुर्माना 6000/- ये सभी ग्राम बलवाड़ीह थाना सोनाहातू जिला रांची के रहने वाले अत्यंत निर्धन ग्रामीण हैं, जिनके घर में बिजली विभाग द्वारा नया मीटर नहीं लगाने के कारण 6- 6000 का जुर्माना लगाकर आपराधिक मुकदमा किया गया है जो अब कचहरी में आकर के यह सोच रहे हैं कि क्या करें क्या ना करें। जुर्माना कहां से भरे वकील का फीस कहां से दें और फिर तारीख पर कहां से दौड़े।

## एयरटेल ने 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया

**रांची:** भारती एयरटेल ने अपने एआई-संचालित स्पैम-फाइटिंग सॉल्यूशन को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर ही 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है। इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से, एआई-संचालित नेटवर्क ने हर दिन लगभग एक मिलियन स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है। पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12% की कमी आई है। एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6% को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2% भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि 35% स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है। दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को। सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे। रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76% स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है। 36-60 आयु वर्ग के ग्राहकों को 48% स्पैम कॉल मिली है, जबकि 26-35 आयु वर्ग के ग्राहकों को 26% कॉल की गई। वरिष्ठ नागरिकों के पास केवल 8% स्पैम कॉल पहुंची है। कंपनी के विश्लेषण से स्पैम कॉल के समय का भी पता चला है। स्पैम कॉल सुबह 9 बजे से शुरू होती है और दिन चढ़ने के साथ इनकी संख्या बढ़ती जाती है। स्पैम कॉल की सबसे ज्यादा गतिविधि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच होती है। इसके अलावा, सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत में स्पैम कॉल की संख्या में बड़ा अंतर देखा गया है। रविवार को इन कॉल की संख्या लगभग 40% तक कम हो जाती है।

## धान खरीद मामले में किसानों को फिर ठगने को तैयार हेमंत सरकारः बाबूलाल मरांडी

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज किसानों से राज्य सरकार द्वारा वादा के अनुरूप धान की खरीदी नहीं किए जाने पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन फिर से अपने पुराने चाल चरित्र का ही अनुसरण कर रही है। यह इंडी गठबंधन फिर से ठगबंधन बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि वोट लेने केलिए इंडी ठगबंधन ने बहुत गारंटियों की बात की लेकिन लगता है ये सिर्फ चुनावी बातें ही रह जाएगी। श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी। लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।



राज भवन, रांची रांची झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड राज्य विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के कांके रोड, राँची स्थित आवास जाकर उनके पिता गोलक बिहारी महतो जी के निधन पर दुःख व शोक व्यक्त किया। झारखंड के राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की चिरशांति हेतु प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## मंजुनाथ भजंत्री द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में रात्रि रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ में सोने वालें बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया गया



उपायुक्त रांची, मंजुनाथ भजंत्री द्वारा रांची में बढ़ी ठंड को देखते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को ये सख़्त निर्देश दिया है, की फुटपाथ में सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें कंबल और जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखें। तथा प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है। उपायुक्त रांची, मंजुनाथ भजंत्री द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में कल देर रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ में सोने वालें बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया गया। जो नही जाना चाहे उन्हें कंबल और उनके लिए अलाव की व्यवस्था की गई। ताकि ठंड से उनका बचाव किया जा सकें। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा अपर बाजार स्थित और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया गया। साथ मुख्य रूप से शेल्टर होम के बाथरूम की साफ- सफाई और रिपेयर कार्य कराने का दिशा-निर्देश दिया गया एवं शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने के लिए कहा गया। जानकारी हो की उपायुक्त रांची, मंजुनाथ भजंत्री बेहद संजीदगी से लोगों की समस्या को जमीनी स्तर पर दुर करने के लिए प्रयासरत्त है। उन्होंने विशेष रूप से कहा है, की रांची जिला के सभी लोगों के साथ जिला प्रशासन हमेशा खड़ी है। आम जनमानस उनसे कभी भी अपनी समस्या ले कर मिल सकते है।



## लीगलएज टॉप रैंकर्स ने एक बार फिर क्लैट में अपनी श्रेष्ठता स्थापित की

**रांची:** लॉ एंट्रेंस प्रिपरेशन संस्थान, लीगलएज-टॉप रैंकर्स ने एक बार फिर क्लैट में अपनी श्रेष्ठता स्थापित की है। ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत हमारे छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक 1, 2 और 3 के साथ कई अन्य शीर्ष रैंक हासिल किए हैं, जिससे यह साबित होता है कि लीगलएज लॉ के छात्रों की पहली पसंद है। यह अद्भुत उपलब्धि लीगलएज की सिद्ध शिक्षण पद्धतियों, व्यापक अध्ययन संसाधन और अटूट छात्र सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता को दर्शाती है। पिछले कई वर्षों से लीगलएज ने लगातार टॉपर्स तैयार किए हैं और लॉ एंट्रेंस प्रिपरेशन में उत्कृष्टता की एक अनूठी विरासत बनाई है। लीगलएज रांची से छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बैंगलोर, पश्चिम बंगाल, गांधी नगर, पटना, रांची में चयन प्राप्त कर अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया।साल दर साल, लीगलएज के छात्रों के परिणाम हमेशा बेहतरीन रहते हैं, जो लॉ एंट्रेंस कोचिंग में उसकी अद्वितीय विशेषज्ञता को दर्शाते हैं। इस सफलता पर लीगलएज - टॉप रैंकर्स के को-फाउंडर हर्ष गगरानी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की अटूट मेहनत, हमारे विशेषज्ञ मेंटर्स के अद्वितीय मार्गदर्शन और हजारों छात्रों और उनके परिवारों द्वारा हम पर किए गए विश्वास का प्रतीक है। हम इस विरासत को जारी रखने और अधिक छात्रों को ड्रीम लॉ स्कूल के सपने साकार करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीगलएज -टॉप रैंकर्स ने लॉ एंट्रेंस की तैयारी में अपनी अभिनव शिक्षण पद्धतियों के साथ एक मानक स्थापित किया है, जिसमें इंटरएक्टिव लाइव कक्षाएं, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, विस्तृत मॉक टेस्ट और प्रदर्शन विश्लेषण शामिल हैं, जो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। इस उपलब्धि के साथ लीगलएज ने लॉ एंट्रेंस प्रिपरेशन में निर्विवाद नेता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है, अगली पीढ़ी के लॉ छात्रों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी है।

## बड़े-बड़े पातकों का नाश करनेवाली मोक्षा' एकादशी पर हुआ महानुष्ठान



**रांची:** मार्गशीर्ष मास शुक्लपक्ष की मोक्षदा एकादशी व्रत को लेकर पहाड़ी मंदिर के निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर( तिरुपति बालाजी) मंदिर में कई धार्मिक अनुष्ठान हुए। प्रातः देव शिरोभूषण भगवान् श्रीमन्नारायण का ब्रह्ममुहूर्त में विश्वरूप दर्शन ,सुप्रभातम्,मंगलाशासनम् करावलंबम् स्तोत्र इत्यादि के पश्चात् पाञ्चरात्र विधि से तिरूवाराधन संपादन कर दूध,दही,गंगाजल ,शहद एवं डाभयुक्तजल से सहस्त्रधारा ,कुम्भधारा,शंखधारा और चक्रधारा के श्रीवैष्णवोचित उपचार से वैदिक मंत्रोपचार पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर हरिद्राचूर्ण और शुद्धोदक चंदन से अनुलेपन किया तथा सुगंधित इत्र और तेल का अभ्यंग करने के पश्चात भगवान् श्रीदंपति के सभी विग्रहों को वस्त्राभूषण से भांति -भांति प्रकार से अलंकार समर्पण कर सुवासित पुष्पों के मालाओं से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया गया। तदंतर नक्षत्र कुंभ और कपूर से विभिन्न प्रकार से बारी बारी महाआरती की गई ।
पुनः वैदिक एवं उपनिषद् आदि ऋचाएँ और स्तोत्रों से महस्तुति की गयी। इसके बाद घंटानाद करते हुए श्रीभगवान् को फलाहारी व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य हुआ। महाभिषेक के यजमान ओमप्रकाश केजरीवाल निवारणपुर रांची परिवार हुए।



## श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धापूर्वक मना

रांचीः अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया । प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही । लाल पीला गुलाब, जेब्रा , गुलदाऊदी , रजनीगंधा व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई , भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको मनाएंगे भजन तेरा गाएंगे, तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे, खड़ा हूं तेरी चौखट पर, शरण में ले लो अब प्यारे, किस्मत वाले को मिलता है श्याम तेरा दरबार इत्यादि भावपूर्ण भजनों ने पूरे वातावरण को श्याम मय बना दिया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा एवम केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , ओम जोशी , चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका , विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, अभिषेक डालमिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल , नितेश लाखोटिया, विकास पाडिया का सहयोग रहा।

## उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने किया औचक निरीक्षण







उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम आज दिनांक 11 दिसंबर 2024 को उन्होंने लगभग शाम चार बजे नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।
बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे पदाधिकारी/कर्मी - उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री
प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर उपायुक्त ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया।
सभीआवेदनोंकात्वरितगतिसेकरेंनिष्पादन-उपायुक्त
उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त द्वारा लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का कागजों की जांच कर समय-सीमा के अंदर सही तरीके से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। आमलोंगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

## सैमसंग ने एंटरप्राइज एडिशन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन लॉन्च

**रांची:** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 के एंटरप्राइज एडिशन को लॉन्च किया है। इन डिवाइसों में व्यवसायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत फीचर्स दिए गए हैं। इनमें लाइव ट्रांसलेशन, इंटरप्रेटर, नोट असिस्ट और गूगल के साथ सर्च जैसे गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। साथ ही, डिवाइस डिफेंस-ग्रेड सुरक्षा, लंबे समय तक टिकने वाले प्रोडक्ट लाइफ साइकल और बेहतर सपोर्ट प्रदान करते हैं। यह लॉन्च हाल ही में सफल हुए सैमसंग एक्सकवर7 स्मार्टफोन के बाद किया गया है। आज के समय में, बड़ी और अलग-अलग टीमों को प्रबंधित करने वाले व्यवसायों के लिए एंटरप्राइज एडिशन डिवाइस एक वरदान साबित हो रहे हैं। ये डिवाइस संगठनों में मोबाइल तकनीक को आसानी से कॉन्फिगर, अपडेट, तैनात और ऑपरेट करने में मदद करते हैं। यह व्यवसायों को सुरक्षित और विश्वसनीय तकनीक से जुड़े रहने की गारंटी देता है, ताकि उनकी टीमें बिना किसी बाधा के लगातार काम करती रहें। सैमसंग इंडिया के एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा कि गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 का एंटरप्राइज एडिशन भारत के तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये डिवाइस डेटा की सुरक्षा, दीर्घकालिक सपोर्ट और तेज तैनाती सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही, ये उद्यमों को बेहतर नियंत्रण, विश्वास और टेक्नोलॉजी का सुरक्षित उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। हमारा उद्देश्य व्यवसायों को बिना किसी परेशानी के सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से नई टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने में मदद करना है, ताकि वे आगे बढ़ सकें और सफलता हासिल कर सकें।

## काइनेटिक ग्रीन ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**रांची:** काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड, भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ एक नई और महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। जियोथिंग्स, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी और रिलायंस ग्रुप का हिस्सा है। यह सहयोग टिकाऊ परिवहन के समाधान को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों में यूजर अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। काइनेटिक ग्रीन की को-फाउंडर और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि जियोथिंग्स के साथ हमारा गठबंधन यह दिखाता है कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी, नवाचार और पर्यावरण की स्थिरता के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। इस साझेदारी के जरिए हम अपने यूजर्स को ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो तकनीकी रूप से उन्नत हो, और जिसमें शानदार कनेक्टिविटी, स्मार्ट फीचर्स, सुरक्षा और बेहतरीन सुविधा शामिल हो। हम एआई-आधारित ड्राइवर इंफॉर्मेशन और राइड असिस्टेन्स जैसी भविष्य की सुविधाओं पर भी काम करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य है कि काइनेटिक ग्रीन के ईवी उत्पादों में सबसे आधुनिक तकनीक सुनिश्चित हो, ताकि हर राइड को और भी स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जा सके।
जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट आशीष लोढ़ा ने कहा कि हम काइनेटिक ग्रीन के साथ इस साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह भागीदारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल समाधान लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हम साथ मिलकर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और बढ़ावा दें और पर्यावरण संरक्षण के साथ एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

## अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प हैः-उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्र



**रांची** मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर काफ़ी गंभीर हैं। जिसका असर काफ़ी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। उनके दिशा-निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए कल रात्रि से ही लगातार मेसरा थाना, दलादली टीओपी, टूपुदाना, बेड़ो, लापुंग थाना अंतर्गत कुल- 15 गाड़ी पकड़ी गई। जिसमें अवैध बालू लदी गाड़ी- 12 एवं स्टोन चिप्स लदी गाड़ी-03 पकड़ी गई।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल में हाई लेवल धांधलीः देवेन्द्र नाथ महतो



रांची// झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा का विरोध तेज हो गया है। विरोध में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। मंगलवार को प्रशासन द्वारा हजारीबाग के आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया है। लाठी चार्ज से कई छात्र गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायल छात्र फिलहाल अस्पताल में इलाजरत है। जिससे छात्रों एवं अभिभावको में भारी नाराजगी है। इस बेरहमी लाठी चार्ज का झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने भी विरोध किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने आज बुधवार को सरकार और प्रशासन के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। यह संध्याकालीन कैंडल मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहिद अल्बर्ट एक्का रांची में छात्रों एवं अभिभावको का भारी जूटान देखा गया। छात्रों में भारी नाराजगी एवं गुस्सा देखा गया। अभ्यर्थियों ने जमकर जेएसएससी आयोग और राज्य सरकार विरोधी नारे लगाए। घंटो तक सड़कों में जाम की स्थिति बन रही। मौके पर मीडिया संबोधन में लाठी चार्ज का कडी निंदा करते हुए छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने दोषी अधिकारियों पर करवाई करने का मांग किया। एवं सीजीएल परीक्षाफल पर धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि कट-ऑफ अंक जारी नही कर सिधे चयनित छात्रों का सुची जारी करना सेटिंग-गेटिंग साबित होता है। पहले दिन के इस परीक्षा में लगभग मात्र 82 छात्रों का ही सिलेक्शन हुआ जबकि दूसरे दिन 22 सितम्बर को हुए परीक्षा में लगभग 2149 छात्रों का सिलेक्शन हुआ है जो कि एक गंभीर जांच का विषय है। छात्रों का भविष्य का ख्याल रखते हुए तत्काल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पर रोका लगाया जाय एवं इस विवादित परीक्षाफल को रद्द कर पुनः प्रदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन होनी चाहिए।
राजधानी रांची में कैंडल मार्च के दौरान आज देवेंद्र नाथ महतो, चंदन रजक,खगेन महतो, हर्षित सिंह, कर्मु मुंडा, लक्ष्मी कुमारी,रवी मंडल, विजय, प्रभु, विष्णु आदि हजारों की संख्या में अभ्यर्थी, कोचिंग संचालक शिक्षक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। आक्रोशित छात्र जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल रद्द करना होगा, झारखंड सरकार हाय-हाय, सेटिंग गेटिंग नाय चलतो और सरकार विरोधी नारे जम कर लगे।



रांची, 11 दिसंबर मांडू से आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो बुधवार को विधासभा के बाहर धरने पर बैठे हैं। हाथ में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द की जाए का तख्ती पकड़े हुए हैं। दरअसल, हजारीबाग में मंगलवार को जिस तरह से लाठीचार्ज हुआ उसको लेकर निर्मल महतो आक्रोशित हैं।

## श्यामली के बच्चों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा की



**रांची**। बाल्य काल से ही छात्रों में सामाजिक दायित्व और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना से संपोषित करने के उद्देश्य से जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के कक्षा पाँच के चालीस विद्यार्थियों ने डीएवी नंदराज विद्यालय के परिसर में स्थित 'सीनियर सिटीजन होम' वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी भरपूर सेवा की। बच्चों ने दीपावली से पूर्व अपने हाथों से दीया बनाकर प्रदर्शनी लगाई थी जिसे आतिथियों और अभिभावकों ने खरीदा था। प्रदर्शनी से प्राप्त राशि से बच्चों ने वृद्धाश्रम के लिए आवश्यक खाद्य-पदार्थ, गर्म कपड़े और अन्य जरूरत की सामग्री भेंट की। इतना ही नहीं बच्चों ने वृद्धाश्रम में रह रहे 60 बुजुर्गों के लिये भजन और गीत गाए। बच्चों ने बुजुर्गों को अपने हाथों से निर्मित कार्ड भी दिया।

प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा सामाजिक दायित्वों से ही मानव का पूर्ण विकास होता है। आज युवाओं में पारिवारिक जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्वों के प्रति अनदेखी की जा रही है ऐसे में बच्चों को वृद्धाश्रम में लाने का मकसद बुजुर्गों के प्रति आदर सम्मान पैदा करना और उनमें अच्छे संस्कार पैदा करना है जिससे बच्चों के मन मेंअपने बुजुर्ग दाद-दादी और नान-नानी के प्रति सेवा व समर्पण भाव पैदा हो। इन बच्चों का प्यार -दुलार देखकर कई बुजुर्गों की आँखों में भी आँसू भी गए। उन्हें अपने पोते-पोतियों की याद आने लगी। उन्होंने बच्चों को आशीष देते हुए कहा कि आप अपने माँ-बाप को इतना प्यार देना की, किसी भी बुजुर्ग को वृद्धाश्रम की जरूरत ही न पड़े। प्राचार्य समरजीत जाना स्वयं इस पुनीत यात्रा के नेतृत्व कर्ता बने। इस मौके पर विद्यालय के प्राथमिक विभाग के प्रभाग प्रभारी दीपक सिन्हा, बिभा सिंह, सोनाली प्रसाद, सपना दास आदि के आलावा अन्य बच्चे टूर में शामिल थे।

## तेज रफ्तार ट्रक बाइक पर पलटा, युवक की मौतः बाइक के बगल से गुजरते वक्त हुआ हादसा

**चान्हो** : सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, युवक की मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना चान्हो चटवल मोड़ के पास हुई। हादसा कोयला लदे ट्रक के चलते वक्त बगल से गुजर रही बाइक पर पलट जाने से हुआ। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मृतक की पहचान सुदामा कुमार (22) के रूप में की गई। वहीं, युवक की 50 वर्षीय मां गंभीर रूप से जख्मी हैं। रांची जिला के चान्हो चटवल के पास कोयला लदा एक ट्रक काफी तेजी से आ रहा था। इसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे बाइक सवार मां-बेटे पर जा पलटा। ट्रक के नीचे दबकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहयोग से ट्रक को उठा उसके नीचे दबे बाइक सवारों को बाहर निकाला। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स भेजा गया है।



रांची। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी अभियान 2 दिसंबर 2024 से 21 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिविल सर्जन कार्यालय सभागार से जागरूकता रथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार के द्वारा रवाना किया गया ताकि पुरुष नसबंदी की संख्या में बढ़ोतरी हो सके। इस वर्ष पुरुष नसबंदी के तहत कुल 2500 NSV का लक्ष्य रांची जिला को दिया गया है। कार्यक्रम में रांची जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार डीपीसी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

## मेधावी छात्रों के बीच छात्रवृत्ति का हुआ वितरण



**रजरप्पा** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के बीच छात्रवृत्ति का वितरण समारोह आयोजन किया गया। यह छात्रवृत्ति गिरजा फाउंडेशन के द्वारा गिरजा ज्ञान छात्रवृत्ति योजना के तहत दी गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन पढ़ेगा भारत, तो बढ़ेगा भारत के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए सम्मानित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हैं। कार्यक्रम की शुरुआत गिरजा फाउंडेशन के प्रमुख मेजर डॉ. सत्य प्रकाश, अध्यक्ष ज्वाला सिंह, विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ सत्य प्रकाश ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और संकल्प की प्रशंसा की। इसके बाद परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा षष्ठ से दशम तक के विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की गई और उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति उनके लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन है।

# झारखंड विस विशेष सत्र : राज्यपाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, कहा- सदन में अनुभवी व नये सदस्यों का हुआ है समागम

झारखंडी पर्यटन स्थल

सदन अपने विधायी कार्यों से राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के होते हैं प्रतीक

रांची : झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ. राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले झारखंड के छठी विधानसभा के पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों को स्वागत किया. इसके बाद संतोष गंगवार ने विधानसभा चुनाव जीतकर आये नर्वनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी. कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं. वहीं कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं. इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है. सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है. जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है. विधान सभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है. केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं. हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी. आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चाओं का साक्षी बनेगा. यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखण्ड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा.झारखंडी पर्यटन स्थल

जनता ने राज्य में एक मजबूत व स्थिर सरकार के गठन का दिया है जनादेश

राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं. षष्ठम् विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत एवं स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है. यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी. हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है. हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है. आगे कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी. झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलम, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है.झारखंडी पर्यटन स्थल

राज्यपाल ने गिनाई उपलब्धियां :

- केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया वापस लाने के लिए सरकार कानूनी रास्ता भी अपनायेगी.
- "हो", "मुंडारी", "कुडुख" व अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे.



- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिये प्रतिबद्ध है.
- पांचवी विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है, आगामी कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे.
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा.
- राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा.
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये.
- राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाये अथवा दुःख या अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा.
- किसानों को 0% ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा.
- मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है. इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे कि उन्हें न्यूनतम 350/- रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके.
- राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जायेंगी.
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे, सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी. साथ ही 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे.
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

# सब जूनियर तीरंदाजी टीम का चयन प्रतियोगिता



**झारखंड न्यूजलाइन। सिल्ली** सब जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप जो कि जयपुर में अयोजित है जिसके लिए 14 दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में झारखंड टीम सब जूनियर तीरंदाजी टीम का चयन प्रतियोगिता होना है जिसके लिए रांची जिला की टीम का चयन आज सिल्ली स्टेडियम सिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें रांची के तमाम स्कूलों और क्लब के 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रांची जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो और सचिव श्री चंचल भट्टाचार्य जी के दिशा निर्देश पर चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सफल आयोजन में कोच शिशिर महतो, रोहित भारद्वाज ,रोहित कोइरी का अहम योगदान रहा।

# झारखंड में CM से लेकर MLA तक को नक्सलियों से खतरा, SB के अलर्ट के बाद एक्शन में पुलिस-प्रशासन

**रांचीः** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्पेशल ब्रांच (SB) ने उग्रवादियों और अपराधियों से संभावित खतरे को देखते हुए यह कदम उठाया है। SB ने राज्य के कई संवेदनशील इलाकों की पहचान की है। इन जगहों पर नेताओं के आने-जाने के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (SP) को अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**SB की रिपोर्ट के बाद अलर्ट** दरअसल, विधानसभा सत्र के दौरान नेताओं की सुरक्षा एक बड़ी चिंता का विषय है। SB की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व में उग्रवादी/नक्सली घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए नेताओं को निशाना बनाया जा सकता है। रिपोर्ट में सभी SP को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हित स्थानों पर गश्त बढ़ाने को कहा गया है। साथ ही उग्रवादियों/नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लांग रेंज और ओपन रोड पेट्रोलिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**इन इलाकों में हो सकता है हमला**

SB ने कुछ संवेदनशील इलाकों की सूची तैयार की है। इन जगहों पर नेताओं पर हमले का खतरा ज्यादा है। इस सूची में रांची-बुंडू मार्ग में तैमारा घाटी, रांची-हजारीबाग और कोडरमा सड़क पर चुटूपालू, चरही, नेशनल पार्क व तिलैया घाटी शामिल हैं। हजारीबाग बगोदर गिरिडीह सड़क पर टाटीझरिया, विष्णुगढ़ एवं गिरिडीह घाटी भी संवेदनशील क्षेत्र माना जा रहा है।



रांची-सिमडेगा और गुमला सड़क पर कोलेबिरा जंगल, खूंटी-चाईबासा सड़क पर बटगांव घाटी, रांची-लातेहार और पलामू सड़क पर अमझारिया घाटी और मनिका घाटी भी इस सूची में शामिल हैं। हजारीबाग सिमरिया और चतरा पथ पर सिमरिया और चतरा के जंगली क्षेत्र, डाल्टेनगंज-छतरपुर और हरिहरगंज सड़क पर जंगल एवं घाटी, डाल्टेनगंज-नेतरहाट पथ पर बेतला एवं महुआडांड़, गारू घाटी को भी खतरनाक माना जा रहा है। छतरपुर-हुसैनाबाद मार्ग पर पहाड़ी घाटी, रामगढ़-गोला और बोकारो मार्ग, गुवा-चाईबासा नोवाकुडी मार्ग, बोकारो बनासो मार्ग, गढ़वा-नगरऊंटारी का मार्ग, चतरा-पेलावल, कटकमसांडी व हजारीबाचा मार्ग पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। चौपारण-बरही और बरकट्ठा- बगोदर मार्ग, बगोगदर-सरिया और जमुआ मार्ग, चान्हो-खलारी और सिमरिया मार्ग, चतरा-बालूमाथ और चंदवा व कुड़ू-चान्हो सड़क, हजारीबाग-सिमरिया सड़क और हजारीबाग-बड़कागांव और खलारी मार्ग भी संवेदनशील हैं। सरायकेला-खरसावां-कुचाई से टलभंगा मार्ग, सिनी-खरसावां मार्ग और कांड्रा-चौका मोड़ पर भी सुरक्षा बलों को सतर्क रहने को कहा गया है। इन सभी इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। विधानसभा सत्र के दौरान नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह से मुस्तैद है।

# सरकार के विभागों में 2,53,142 पद रिक्त

**रांची** झारखंड में जल्द ही बंपर नियुक्तियां निकलने वाली हैं। हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता सूची में नौकरी पहले नंबर पर है। सरकार ने इसका रोडमैप तैयार कर लिया है। एक माह में करीब 3000 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) विज्ञापन निकालने की तैयारी में है। इनमें से दारोगा व सार्जेंट के 400, इंटरमीडिएट स्तर के 500, टेक्निकल ग्रेजुएट के 400



और ग्रेजुएट स्तर के करीब 1000 पदों के लिए अगले महीने विज्ञापन निकलने की उम्मीद है। **शिक्षक नियुक्ति के लिए कोर्ट के आदेश का इंतजार** वहीं आचार्य और सहायक आचार्य के 26,001 पदों के लिए नियुक्ति परीक्षा हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके रिजल्ट पर रोक लगाई है। यह रोक हटने ही रिजल्ट जारी हो जाएगा। उधर, जेपीएससी व जेएसएससी में करीब 10 हजार पदों के लिए एक दर्जन परीक्षाएं लंबित हैं। इनमें पुलिस सिपाही के 4900 पदों पर नियुक्ति परीक्षा होने की उम्मीद है। इसके लिए करीब 16 लाख आवेदन आया है। वहीं उत्पाद सिपाही के 583 पदों के लिए भी फिर से बहाली शुरू होगी। जेपीएससी और जेएसएससी वर्ष 2025 में होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर भी इसी महीने जारी कर सकता है। वर्तमान में जेपीएससी और जेएसएससी से 39 हजार पदों के लिए परीक्षा और रिजल्ट का इंतजार है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कुल 5.25 लाख पद स्वीकृत है। इनमें से 2.50 लाख पद खाली हैं। गृह विभाग में सबसे ज्यादा पद खाली हैं तो शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर है।

## मंत्री चमरा लिंडा ने मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया



**रांची** : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माननीय मंत्री चमरा लिंडा ने आज मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा तथा अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा का कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मियों ने भी हार्दिक स्वागत किया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।

विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचना प्राथमिकता

इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगर सृजन सहित विभाग द्वारा चलाए जा रहे अन्य महत्वकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगो तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेवारी है।

## साल ओढ़ कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

आशा लता वीकली आर्ट स्कूल बोकारो द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस को लेकर सिंदरी विधानसभा के भाकपा माले के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता एवं बलियापुर प्रखंड के सक्रिय युवा नेता अविनाश कुमार महतो तथा प्रसून दास गुप्ता जो की धनबाद के जाने-माने समाजसेभी के साथ-साथ दी धनबाद रेजिस्टेंस इंग्लिश पेपर के संपादक भी है उनको भी साल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वीकली आर्ट्स स्कूल के डायरेक्टर मोहन आजाद, आशा लता के संस्थापक बीएस जायसवाल, इंडियन सोशल फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य सह झूम कंप्यूटर के डायरेक्टर अरशद अली, फ्लावर गार्डन स्कूल की प्रिंसिपल ललिता कुमारी, इंडियन सोशल फाउंडेशन के संस्थापक साजिद हुसैन और कई स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक ने उक्त सम्मान समारोह में सम्मानित करने के लिए मौजूद थे। आए हुए सभी वर्ग के लोगों ने कहा कि जो समाज के उत्थान के लिए शोषित पीड़ित, जरूरतमंद के लिए मानव धर्म निभाते हैं समाज सेवा करते हैं ऐसे लोगों को हम लोग सम्मान देने का काम करते हैं ताकि वह समाज के कार्य में और ऊर्जा के साथ कार्य करें। मौके पर चंदनक्यारी विधायक पुत्र मुकेश रजक एवं आनेको स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं उनके माता-पिता इस शानदार आयोजन में उपस्थित थे।

## 5वा राष्ट्रीय सीनियर योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में धनबाद के चार खिलाड़ी



योगासन भारत द्वारा आयोजित 5वा सीनियर राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता तुमकुरु, कर्नाटक में 12 से 15 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनबाद जिला के चार खिलाड़ी जसपाल सिंह, सुमित कुमार मोदी, दीपशिखा दान एवं रचना परवत सभी खिलाड़ी कर्नाटक के लिए रवाना हुए। योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार पाण्डेय जिला संघ के संरक्षक परिक्षीत पाण्डेय, अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष डा. शैलेष कुमार, विरेन्द्र कुमार रवानी, दिपांकर बरारी, सचिव कुणाल कुमार कार्यालय सचिव संजय यादव, सतीश सिंह, शीतल दत्ता, आरती सिंह, आरती शर्मा, कुमारी अनामिका, मिक्की कुमारी, नेहा कपूर आदि सभी सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दिया।

## कई मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के संबंध में चर्चा



**बलियापुरः** सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो व निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मुलाकात कर सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के कई मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के संबंध में सकारात्मक बातें हुई। जल्द प्रस्ताव भेजा जाएगा। विधायक चन्द्रदेव महतो ने कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए कई मुद्दों पर बात हुई। बेहतर शिक्षा के विकास के लिए सचिव ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। क्षेत्र में बुनियादी समझ समस्याओं के समाधान की दिशा में वे बेहतर कार्य करेंगे। विधायक श्री महतो ने कहा कि 25 सालों के दरमियान क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए वैसा कुछ काम नहीं हुआ है। वे हर समस्याओं के निदान के लिए तत्पर है।

## हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची** हाईकोर्ट में मंगलवार को पेयजल स्वच्छता विभाग में कांट्रेक्ट पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने सुनवाई के बाद प्रार्थियों को हटाने के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि आउटसोर्स के आधार पर पूर्व में काम करने वाले कांट्रेक्टकर्मियों को नहीं हटाया जा सकता। अदालत ने राज्य सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने अदालत को बताया कि प्रार्थी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन में कांट्रेक्ट पर प्रखंडवार को-ऑर्डिनेटर के पद पर 2008 से काम कर रहे हैं। यह केंद्र सरकार की योजना है।

# जिले के तीन मुखिया को मिलेगा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारः सीवान में खुशी की लहर, दिल्ली में आयोजित होगा कार्यक्रम



**सीवान** सीवान के तीन पंचायतों का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 के लिए किया गया है। इसमें दरौंदा प्रखंड के दो पंचायतों में जलालपुर से बबिता देबी और रुकुंडीपुर से बबिता देबी का चयन किया गया है। वहीं लकड़ी नबीगंज प्रखंड के बसौली पंचायत के मुखिया भारतेंदु प्रसाद पांडेय का भी चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 के लिए किया गया है। इसका आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में किया जाएगा। पंचायत पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी चयनित जनप्रतिनिधियों को पुरस्कार वितरण करेंगी। मालूम हो कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि सतत विकास लक्ष्य के पंचायत के विकास सूचकांक सूचकांक में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले सतत विकास लक्ष्य SDG में बेहतर करने वाले ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया गया है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए चयनित होने के बाद मुखिया बबिता देवी और भारतेंदु प्रसाद पांडेय ने कहा कि लगातार बेहतर कार्य करने से ही किसी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हम लोगों ने पंचायत में बेहतर कार्य किया है और आगे भी बेहतर कार्य करते रहेंगे। लोगों को प्रेरित भी करते रहेंगे की सभी अपने पंचायत में बेहतर कार्य करें ताकि उनके पंचायत का नाम जिले के अलावा देश में भी जाना जाए।

# दोस्त से 5 हजार उधार लेकर गए थे मुंबईः आज 3 करोड़ का घर; यूट्यूब से सीखी एक्टिंग, अब बड़े पर्दे पर दिखेंगे पंचायत-2 फेम सतीश रे



**'मैं बिहारी में आज बात बिहार के छपरा जिले के रहने वाले 30 साल के एक्टर सतीश रे की।' सतीश सोशल मीडिया पर 'ईमानदार शर्मा', 'अल्फा पांडे' के नाम से फेमस हैं। 'फेक पॉडकास्ट' के नाम से इनकी यू-ट्यूब पर सीरीज आती है। साथ ही सतीश ने वेब सीरीज पंचायत के दूसरे सीजन में सचिव (जितेंद्र कुमार) के दोस्त सिद्धार्थ का रोल निभाया था।**

**पटना** 'मैं बचपन से एक्टर बनना चाहता था। पढ़ाई करते-करते यू-ट्यूब पर कई चैनल्स बनाए, लेकिन वो चला नहीं। फैमिली वालों के प्रेशर में इंजीनियरिंग तो कर ली, लेकिन काम में मन नहीं लगा। अंत में एक दोस्त से 5 हजार रुपए उधार लेकर सिर्फ एक बैग के साथ मुंबई पहुंच गए। मुंबई में एक दोस्त के घर में रहा। मुंबई में रहने-खाने, सर्वाइव करने में कई तरह की दिक्कतें हुई। यू-ट्यूब देखकर वीडियो बनाना सीखा, फिर वीडियो बनाना शुरू किया। आज मेरे सोशल मीडिया अकाउंट पर मिलियंस में फॉलोअर्स हैं। जल्द ही मैं बॉलीवुड की दो मूवी में भी नजर आऊंगा। 'मैं बिहारी में आज बात बिहार के छपरा जिले के रहने वाले 30 साल के एक्टर सतीश रे की।' सतीश सोशल मीडिया पर 'ईमानदार शर्मा', 'अल्फा पांडे' के नाम से फेमस हैं। 'फेक पॉडकास्ट' के नाम से इनकी यू-ट्यूब पर सीरीज आती है। साथ ही सतीश ने वेब सीरीज पंचायत के दूसरे सीजन में सचिव (जितेंद्र कुमार) के दोस्त सिद्धार्थ का रोल निभाया था। यू-ट्यूब पर आज सतीश के 13.7 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 1 मिलियन फॉलोअर्स है। सतीश ने इसी साल मुंबई में 3 करोड़ का घर भी लिया है। अब वो बॉलीवुड फिल्म 'चिरकुट' और 'ललाट' में नजर आने वाले हैं। 'ललाट' में वो क्रिकेटर जहीर खान की पत्नी सागरिका घटगे के साथ दिखेंगे। 'पापा गवर्नमेंट स्कूल में टीचर थे तो बाकी बच्चों से ज्यादा मेरे ऊपर ही पढ़ाई का दबाव था। बचपन से ही घर में यही सपने दिखाए जाते थे कि पढ़-लिख कर बड़ा आदमी बनना है। कोई बड़ा डॉक्टर या इंजीनियर बनना है। पिताजी को पढ़ने का काफी शौक था, वह किताबें पढ़ते रहते थे। उनके अंदर काफी क्रिएटिविटी थी। वही क्रिएटिविटी मेरे अंदर भी आ गई। मैं भी कहानियां पढ़ने लगा। प्रेमचंद सहित कई साहित्यकारों को पढ़ना शुरू किया। कहानी लिखता भी था।' 'हालांकि ऐसा नहीं है कि मैंने पढ़ाई छोड़ दी थी। कहानी-उपन्यास के साथ-साथ मैंने अपने सभी सब्जेक्ट पर भी खूब मेहनत की। गांव के ही प्राइमरी स्कूल से आठवीं और बगल के गांव के हाई स्कूल से दसवीं की। स्कूल जाने के लिए 5-6 किमी पैदल चलना पड़ता था। दसवीं में पूरे बिहार में तीसरा रैंक हासिल किया था। टॉपर बनने से घर वाले खुश थे, मैं भी खुश था। मीडिया में काफी लाइमलाइट मिली। टीवी न्यूज चैनल पर इंटरव्यू आए, न्यूज पेपर में खबरें छपी।' 'फिर बारहवीं के लिए पटना आ गया। टॉपर बनने के बाद मेरे पास दो रास्ते थे, या तो डॉक्टर की पढ़ाई करूं या इंजीनियरिंग की। वजह थी कि हमारे प्रदेश में साइंस वाले स्टूडेंट्स इंटेलिजेंट और आर्ट्स वाले स्टूडेंट्स कमजोर माने जाते थे। मैंने भी पटना में JEE की तैयारी शुरू की। पढ़ाई तो चल रही थी, लेकिन मजा नहीं आ रहा था। दसवीं में टॉपर होने के कारण बारहवीं में भी अच्छा रिजल्ट देने का दबाव था। मैं चाहता तो बारहवीं में भी टॉपर बन जाता, लेकिन मेरे मन में तब तक एक बगावत उठ चुकी थी। कहानी पढ़ने और लिखने के शौक के साथ मुझ पर एक्टर बनने का भूत सवार हो गया था। मैं खुद को उसी शेप में ढालने लगा था।' 'साल 2009-11 के बीच बारहवीं करने के दौरान ही मैंने ठान लिया लिया था कि मुझे एक्टर बनना है। पढ़ाई के लूप में फंसा था। मैट्रिक की, उसे बाद इंटर करना है, फिर इंजीनियरिंग और आगे नौकरी। एक तरफ मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के बिना रह ही नहीं सकता था। हालांकि, मेरे में इतनी हिम्मत नहीं थी कि मैं अपने पिताजी से कह सकूं कि मुझे एक्टर बनना है। 12वीं की परीक्षा के बाद JEE की परीक्षा दी। मेरी रैंक अच्छी आई और मुझे फरीदाबाद में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन मिल गया।

# 50 करोड़ की लागत से नए पुल का निर्माणः समस्तीपुर में चार पुलों की मिली स्वीकृति



**समस्तीपुर** समस्तीपुर शहर के बीच से गुजरने वाली बूढी गंडक नदी के कर्पूरी पुल के बगल में 50 करोड़ रुपए की लागत से एक नए पुल का निर्माण होगा। जिसके लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही बूढी गंडक नदी के ही चकनूर, कोरबद्धा और करपुरीग्राम के पास भी पुल का प्रस्ताव दिया गया है। जिसके लिए सरकार की तरफ से मंजूरी मिल गई है। सभी नए पुलों की निर्माण से समस्तीपुर शहर में लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा। जिसकी जानकारी देते हुए राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बताया कि बूढी गंडक नदी के कर्पूरी पुल के बगल में पुराना लोहे का पुल है। जिसे तोड़कर उसी स्थान पर दूसरा आरसीसी पुल का निर्माण होगा। पिछले दिनों हुए विश्व सूत्री की बैठक में चार-चार पुलों का प्रस्ताव मांगा गया था। जिसमें इन योजना को शामिल किया गया है। सरकार ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही इसको लेकर डीपीआर तैयार किया जाएगा।

**जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा** विधायक ने बताया कि इन पुलों के अलावा समस्तीपुर शहर से 3 किलोमीटर दूर जितवारपुर हकीमाबाद में भी करीब 80 करोड़ से बूढी गंडक नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है। जो लगभग 50 फीसदी बनकर तैयार हो चुका है। इस पुल के बन जाने से रोसरा और बेगूसराय से दरभंगा की ओर जाने वाले लोग सीधा उस पुल का उपयोग कर दरभंगा के लिए निकल जाएंगे जिससे शहर में जाम नहीं लगेगा।

समस्तीपुर शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए मुसरीघरारी से जेल चौक होते हुए कल्याणपुर बायपास एनएच का निर्माण होगा। इसके अलावा मुक्तापुर से इलमास नगर जितवारपुर हकीमाबाद कोरबद्दा होते हुए मुसरीघरारी बाईपास भी बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। जिसपर सहमति हो गई है।

# भाजपा नेता की पत्नी ने की दूसरी शादी, फोटो वायरलःकिशनगंज में पति ने कहा-अप्रैल में हुई थी शादी, 5 लाख कैश लेकर घर से भागी



**किशनगंज (बिहार)** किशनगंज में भाजपा नेता राकेश कुमार गुप्ता (30) ने अपनी पत्नी पर 5 लाख रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पत्नी की दूसरी शादी की तस्वीर भी सामने आई है। इसको लेकर राकेश ने अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है। मामला किशनगंज सदर थाना क्षेत्र का है। राकेश गुप्ता भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी है। मंगलवार को राकेश कुमार गुप्ता और उनके परिजन लड़की के घर पहुंचे तो हंगामा हुआ। लड़का पक्ष के लोगों का आरोप है कि लड़की पांच लाख कैश लेकर भाग गई है। इससे पहले लड़की की मां ने कई बार में 35 लाख रुपए लिए है। वहीं, इस संबंध में लड़की के पिता ध्रूप मोदक ने बताया कि राकेश गुप्ता से बेटी की शादी नहीं, बल्कि सगाई हुई थी। 6 दिसंबर को वे डॉक्टर से दवा लेने सिलीगुड़ी गए थे। वहां से वापस आने के बाद घर में बेटी नहीं मिली। पिता ने राकेश गुप्ता से रुपए लेने की बात से इनकार किया है। वहीं, धर्मगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गंगा बाबू चौक की रहने वाली लड़की पिंकी (25) से अरेंज मैरिज हुई थी। 29 अप्रैल 2024 को जिला न्यायालय में दोनों ने शादी की थी। इस दौरान दोनों के परिजनों भी मौजूद थें। कोर्ट में शादी के बाद पांजीपारा के मंदिर में भी हिंदू रीति रिवाज से परिजनों की उपस्थिति में दोनों की शादी हुई थी। राकेश का आरोप है कि शादी के बाद लड़की की मां ने बेटी को उनके साथ भेजने से मना कर दिया। मां का कहना था कि अभी आपका घर ठीक नहीं है। पहले घर बनवा लें, फिर लड़की को विदा करेंगे।

ससुराल वालों की बात मानते हुए मैंने भी लड़की को साथ ले जाने के लिए दबाव नहीं बनाया। हालांकि, लड़की का मेरे घर आना-जाना लगा रहता था। साथ घूमने भी जाते थे। इसी बीच लड़की और उसकी मां ने तरह-तरह से मुझ पर दबाव डालना शुरू कर दिया। कभी जमीन लेने के लिए तो कभी घर की रजिस्ट्री के नाम पर मुझ से लाखों रुपए लिए।

# वीर कुंवर सिंह के दीक्षांत समारोह में पहुंचे राज्यपालः145 टॉपर को मिलेगा गोल्ड मेडल



**मालूम हो कि पीजी सत्र 2016-18 में 9, 2017-19 में 11, 2018 -20 में 7, 2019-21 में 8, 2020-22में 12 और सत्र 2021-23 में 14 बेटियों को गोल्ड मेडल मिलेगा।**

**आरा(भोजपुर)** वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी में बुधवार को छठा दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर पहुंचे, जहां यूनिवर्सिटी के कुलपति ने उनका स्वागत किया है। इसके बाद राज्यपाल को सुरक्षा बलों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। यूनिवर्सिटी के कतीरा कैंपस स्थित परिसर में वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह मनाया जा रहा है। दीक्षांत समारोह में कुल 145 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। हालांकि 111 टॉपरों की ओर से ही आवेदन जमा किए गए हैं। फाइनल लिस्ट में चयनित और आवेदन जमा कर ड्रेस ले चुके विद्यार्थियों को ही गोल्ड मेडल मिलेगा। उपाधि के लिए 246 ने आवेदन दिया गया है। सबसे अधिक बेटियों को मेडल मिलेगा। वहीं वीर कुंवर सिंह विवि के छठे दीक्षांत समारोह में सबसे अधिक बेटियां सम्मानित होंगी। **उपाधि के लिए 246 ने आवेदन दिया है** पीजी और एमबीए में सत्र 2016-18, 2017-19, 2018 -20,2019-21, 2020-22, 2021-23 के टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेगा। वहीं, एमसीए के सत्र 2015-18,2016-19, 2017-20, 2018 -21,2019-22, 2020-23, एमएड में सत्र 2017-19, 2018-20, 2019-21, और 2020-22 के टॉपरों को गोल्ड मेडल मिलेगा।

पीएचडी डिग्री वाले विद्यार्थी जो एक जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2024 तक पीएचडी किए हैं, उन्हें डिग्री मिलनी है। बता दें कि उपाधि के लिए 246 ने आवेदन दिया है। सबसे अधिक बेटियों को मिलेगा गोल्ड वीर कुंवर सिंह विवि के छठे दीक्षांत समारोह में सबसे अधिक बेटियां सम्मानित होंगी। इनकी संख्या 69 है, जबकि लड़कों की संख्या 42 है।

# नीतीश-तेजस्वी को टेंशन देने वाली खबर, पढ़े-लिखे लोगों ने RJD-JDU को 'नकार' दिया, 2025 में क्या होगा?



***तिरहुत स्नातक एमएलसी उपचुनाव में निर्दलीय वंशीधर ब्रजवासी ने बड़ी जीत हासिल की। ब्रजवासी को 23002 वोट मिले। जनसुराज पार्टी दूसरे, राजद तीसरे और जदयू चौथे स्थान पर रही। यह जीत जातीय समीकरणों से परे रही। ये जीत नीतीश-तेजस्वी के लिए टेंशन देने वाली है।***

***पटनाः*** *तिरहुत स्नातक एमएलसी उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी ने बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने जनसुराज पार्टी और महागठबंधन के उम्मीदवारों को हराया। इस जीत ने बिहार की राजनीति में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह जीत जातीय समीकरणों से परे है? क्या नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल की हार है? और क्या यह दर्शाता है कि जनता अब नए और काम करने वाले चेहरों को चुन रही है? क्या यह रिजल्ट 2025 चुनाव से पहले नीतीश कुमार को टेंशन देने वाली है?*

***10195 वोटों के अंतर से शानदार जीत*** *तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी ने 10195 वोटों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 23002 वोट मिले। जनसुराज पार्टी के विनायक विजेता दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 12807 वोट मिले। राजद के गोपी किशन 11600 वोटों के साथ तीसरे और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के अभिषेक झा 10316 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे। यह चुनाव परिणाम कई मायनों में चौंकाने वाला है।* ***जातीय समीकरणों से परे था चुनाव?*** *इस चुनाव में वंशीधर ब्रजवासी की जीत कई सवाल खड़े करती है। तिरहुत स्नातक क्षेत्र में लंबे समय से सवर्ण जाति का दबदबा रहा है। देवेश चंद्र ठाकुर इस सीट से लंबे समय तक एमएलसी रहे। इस बार भी सवर्ण समाज के कई दिग्गज नेता अभिषेक झा के समर्थन में थे। फिर भी एक निर्दलीय उम्मीदवार की इतनी बड़ी जीत आश्चर्यजनक है। क्या यह जातीय समीकरणों से परे चुनाव था?* ***वंशीधर ब्रजवासी की जीत से उठ रहे कई सवाल*** *बिहार विधानसभा के चार उपचुनावों में एनडीए की जीत को नीतीश कुमार के सुशासन की जीत बताया गया था। लेकिन एमएलसी चुनाव में जदयू की हार क्या दर्शाती है? क्या स्नातक मतदाताओं ने सुशासन और विकास के दावों को नकार दिया? क्या नीतीश कुमार की यूएसपी अब काम नहीं कर रही है? जदयू की हार के क्या कारण हैं? क्या एनडीए के घटक दलों ने पूरे मन से चुनाव नहीं लड़ा? क्या गठबंधन में आपसी तालमेल की कमी थी? चुनावों में अक्सर यह सवाल उठता है कि एनडीए के कुछ सहयोगी दल पूरी तरह से चुनाव में शामिल नहीं होते हैं। इससे चुनावी नतीजों पर असर पड़ता है। क्या इस चुनाव में भी ऐसा ही हुआ?* ***क्या पढ़े-लिखे लोगों ने नकार दिया?*** *नीतीश कुमार ने हाल ही में बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की है। स्वास्थ्य, राजस्व और भूमि सुधार विभाग में भी बड़ी संख्या में नौकरियां दी गई हैं। जेडीयू और आरजेडी, दोनों ही इसके श्रेय लेने की कोशिश करते रहे हैं। लेकिन क्या इसका असर स्नातक मतदाताओं पर नहीं हुआ? क्या तिरहुत के स्नातकों ने नौकरी के मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया?* ***जाति और दल से ऊपर उठकर वोट दिया*** *वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अश्क का मानना है कि तिरहुत स्नातक क्षेत्र के चुनाव परिणाम ने कुछ नया दिखाया है। उन्होंने कहा कि तिरहुत स्नातक क्षेत्र के चुनाव परिणाम से कुछ नया होते तो दिखा। उनका कहना है कि पैसा और जाति के समीकरण से चुनाव नहीं जीता जा सकता। वंशीधर ब्रजवासी की जीत इस बात का सबूत है। ब्रजवासी ने शिक्षकों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी नौकरी भी गंवा दी। स्नातक मतदाताओं ने उनके इस त्याग को सम्मानित किया है। उन्होंने जाति और दल से ऊपर उठकर वोट दिया है। वंशीधर बृजवासी के जीतने से यह धरना तो बनने लगी। ओम प्रकाश अश्क आगे कहते हैं कि दरअसल जनता अब नए चेहरे और काम करने वाले चेहरों को पसंद करने लगी है। बृजवासी की जीत की वजह यह थी कि शिक्षकों के हित में लड़ाई लड़ी और नौकरी भी गवाई। स्नातक मतदाता ने उनके इस त्याग को पुरस्कार चुनाव जीता कर दिया। ऐसे में न तो जात देखी और न दल। जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर का भी यही कहना है कि अब चुनाव की धारा बदल रही है। जाति और पैसे से चुनाव जीतना मुश्किल होता जा रहा है।*

# लेडी सिंघम श्वेता श्रीमाली का तबादला, अब बिहार में जन्मीं IPS निधि ठाकुर साबरमती जेल में लॉरेंस बिश्नोई पर रखेंगी नजर




**अहमदाबादः** 2010 बैच की आईपीएस अधिकारी श्वेता श्रीमाली को गुजरात सरकार ने केंद्र की प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव कर दिया है। अभी तक अहमदाबाद की साबरमती जेल की अधीक्षक रही श्वेता श्रीमाली इंटेलीजेंस ब्यूरो में डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। श्रीमाली अभी तक गुजरात की सबसे ज्यादा संवेदनशील जेल की कमान संभाल रही थीं। अहमदाबाद की साबरमती जेल में ही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्वनोई को रखा गया है। गुजरात सरकार ने श्वेता श्रीमाली जगह पर 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी डॉ. निधि ठाकुर को जेल अधीक्षक बनाया है। ठाकुर अभी तक वडोदरा मध्यस्थ जेल की अधीक्षक थीं। गुजरात सरकार ने 9 दिसंबर को एक आदेश में 25 आईपीएस के तबादले किए थे। **फिर से महिला ऑफिसर को दी कमान** राजस्थान की रहने वाले श्वेता श्रीमाली को सरकार ने मई, 2024 में साबरमती जेल की कमान सौंपी थी। वह बतौर डीआईजी साबरमती जेल को देखरेख कर रही थीं। श्वेता श्रीमाली गुजरात के डांग जिले की एसपी रहने के दौरान सुर्खियों में आई थी। तब इन्हें लेडी सिंघम कहा गया था। गुजरात की साबरमती जेल में लॉरेंस बिश्नोई से पहले यूपी के डॉन अतीक अहमद को रखा गया था। श्वेता श्रीमाली के पति सुनील जोशी भी आईपीएस हैं। वे अभी गुजरात एटीएस में डीआईजी हैं। गुजरात सरकार ने अब एक बार फिर से इस जेल की कमान महिला ऑफिसर को सौंपी है। **बिहार की हैं डॉ. निधि ठाकुर** मूलरूप से बिहार की रहने वाली आईपीएस निधि ठाकुर अब साबरमती जेल को संभालेंगी। पेशे से डॉक्टर रहीं निधि ठाकुर 2020 में सिविल सेवा के लिए चयनित हुई थीं। इससे पहले वह पटना के पीएमसीएच में तैनात थीं। निधि ठाकुर ने डीएमएमसीएच से एमबीबीएस किया और गोल्ड मेडिलिस्ट रहीं और पीएमसीएच से एमडी कर रही हैं। निधि के पिता अजय कुमार ठाकुर बिहार प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड ऑफिसर हैं। निधि का पैतृक गांव शिरनिया है। यह खगड़िया जिले में आता है। निधि ठाकुर ने एमबीबीएस के साथ जनरल मेडीसिन में एमडी की डिग्री हासिल की है। युवा आईपीएस निधि ठाकुर को उनके वडोदरा में अच्छे काम को देखते हुए सरकार ने साबरमती जेल की कमान सौंपी है।

# हजारीबाग में छात्रों का हल्ला बोल, हाईवे 5 घंटे जाम, पुलिस का लाठीचार्ज और पथराव में कई घायल



**हजारीबाग में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के परिणाम रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। छात्रों ने एनएच 33 जाम कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और छात्रों ने पथराव किया। कई लोग घायल हुए। जाम में कई वाहन फंसे रहे। परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप है। छात्रों ने हजारीबाग बंद का आह्वान किया था।**

**हजारीबागः** हजारीबाग में मंगलवार शाम जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट को लेकर छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। छात्र रिजल्ट रद्द करने की मांग कर रहे थे और एनएच 33 पर 5 घंटे से जाम लगाए हुए थे। पुलिस ने लाठीचार्ज किया, इसके जवाब में छात्रों ने पथराव किया। कई छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए, कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप है। **हजारीबाग में NH-33 पांच घंटे तक जाम** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के परिणामों में कथित अनियमितताओं के विरोध में हजारीबाग में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। छात्र परीक्षा परिणाम रद्द करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-33 को पांच घंटे तक जाम रखा। पुलिस ने जाम हटाने के लिए लाठीचार्ज का सहारा लिया। इसके बाद छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया। इस झड़प में कई छात्र और पुलिसकर्मी घायल हो गए। जाम में फंसी कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। मामला जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा से जुड़ा है, जो 21 और 22 सितंबर को राज्य के 823 केंद्रों पर हुई थी। इस परीक्षा में लगभग 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के तुरंत बाद, पेपर लीक और पुराने प्रश्नों के दोहराव के आरोप लगे। रांची और हजारीबाग समेत कई शहरों में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# जमीन का कोई दस्तावेज नहीं है तो भी ये आपकीःजमीन खरीदी लेकिन म्यूटेशन नहीं फिर भी खुलेगा खाता, 11 पॉइंट में जानिए,



**पटना** बिहार में 4 महीने से जारी जमीन सर्वे में लोगों के बीच भ्रम फैला हुआ है। इस कारण सर्वे की गति आगे नहीं बढ़ पा रही है। आए दिन लोगों के बीच आपसी विवाद की सूचना आ रही है। यह देखते हुए मंगलवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने लोगों के बीच फैले इसी भ्रम को दूर करने के लिए जमीन पर अधिकार (स्वामित्व) से जुड़े आम सवालों के जवाब के साथ अधिसूचना जारी की है। विभाग ने माना कि बिहार में भू अभिलेखों (दस्तावेजों) की स्थिति ठीक नहीं है। कैडस्ट्रल सर्वे को 100 साल और रिविजनल सर्वे को हुए 50 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। बाढ़, अगलगी, दीमक लगने से बड़ी संख्या में जमीन के कागजात नष्ट हो गए हैं। ऐसी स्थिति में लोगों में डर है कि कागजात के अभाव में कहीं जमीन हाथ से निकल ना जाए। इसी डर को दूर करने के लिए विभाग ने अधिसूचना जारी कर मामलों को स्पष्ट किया है। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली, 2012 के लागू होने की तिथि से ही ये निर्देश मान्य होंगे। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का कहना है कि राज्य में जमीन के झगड़े का प्रमुख कारण भूमि पर स्वामित्व है। इसी कारण से लैंड सर्वे एवं बंदोबस्त की प्रक्रिया के तहत हर खेसरा के स्वामित्व एवं अधिकारिता का निर्धारण किया जा रहा है। इससे जमीन के झगड़े खत्म होंगे। जमीन की अधिकारिता निर्धारण की दिशा में ये महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग लैंड सर्वे में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इससे सर्वे की रफ्तार तेज होगी। **सरकार के इस फैसले से क्या फायदा होगा** बिहार के सभी अंचलों में भूमि सर्वे का काम शुरू हो चुका है। स्वघोषणा (Self declaration) जमा करने का काम चल रहा है। ऐसी स्थिति में इस अधिसूचना के बाद रैयतों को सुविधा होगी। अब भ्रम और संशय की स्थिति समाप्त होगी। सर्वे का काम तेजी से होगा।

# 5 साल में 1060% रिटर्न... 5 रुपये से भी कीमत वाला यह शेयर कौन? काट दी है गदर




**इंटेग्रा एसेंशिया के शेयरों ने पिछले दो सत्रों में लगातार 5% का अपर सर्किट छुआ है। मंगलवार को शेयर 3.38 रुपये पर पहुंच गया। पिछले पांच वर्षों में इसने 1,060% की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने 2022 में एफएमसीजी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में विस्तार किया। प्रमोटरों ने अपनी हिस्सेदारी घटाकर 15.98% कर दी है। रिटेल निवेशकों के पास 83.51% हिस्सेदारी है।**

**नई दिल्लीः** इंटेग्रा एसेंशिया (Integra Essentia) के शेयरों ने पिछले दो दिनों में लगातार 5% के ऊपरी सर्किट को छुआ है। मंगलवार को यह मल्टीबैगर स्टॉक 3.38 रुपये प्रति शेयर के अपने इंट्राडे हाई पर पहुंच गया। एनएसई पर लगभग 15.8 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ और बीएसई पर करीब 5.4 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। पिछले पांच वर्षों में इस कंपनी ने 1,060% की बढ़ोतरी दिखाई है। इससे निवेशकों का पैसा 11 गुना से ज्यादा हो गया है। 10,000 रुपये का निवेश इस अवधि में 1.06 लाख रुपये हो गया होता। कंपनी के प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी पिछली तिमाही के 20.81% से घटाकर 15.98% कर दी है। DIIs ने भी अपना हिस्सा 1.07% से घटाकर 0.39% कर दिया है। लेकिन, FIIs ने अपनी हिस्सेदारी 0.12% से थोड़ी बढ़ाकर 0.13% कर दी है। रिटेल निवेशकों के पास 83.51% हिस्सेदारी है।

**शेयर ने मचा रखा है धमाल**

इंटेग्रा एसेंशिया मल्टीबैगर पेनी स्टॉक है। इसने हाल ही में बाजार में धूम मचा दी है। इसके शेयरों में पिछले दो दिनों में लगातार 5% की तेजी देखी गई है। मंगलवार को यह शेयर 3.38 रुपये के अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के पीछे NSE और BSE पर भारी मात्रा में शेयरों का कारोबार होना मुख्य कारण रहा। कंपनी के पिछले पांच सालों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो यह और भी दिलचस्प हो जाता है। इस दौरान शेयर की कीमत में 1,060% की उछाल आई है, जिससे निवेशकों को शानदार रिटर्न मिला है। इंटेग्रा एसेंशिया की कहानी 2007 में फाइव स्टार मर्केंटाइल प्राइवेट लिमिटेड के रूप में शुरू हुई।

# पैन 2.0ः नए पैन कार्ड को अभी लोग ठीक से समझ नहीं पाए और ठगी शुरू, कहानी जान कर हैरान हो जाएंगे






**नई दिल्लीः** यह बीते 25 नवंबर की ही बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में कैबिनेट के आर्थिक मामलों की कमेटी (CCEA) ने इनकम टैक्स विभाग के पैन 2.0 प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी थी। इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 1,435 करोड़ रुपये भी आवंटित किए थे। इसके तहत नय पैन कार्ड बनाया जाना है, जोकि क्यूआर कोड (QR Code) से लैस होगा। पैन 2.0ः नए पैन कार्ड को अभी लोग ठीक से समझ नहीं पाए और ठगी शुरू, कहानी जान कर हैरान हो जाएंगे PAN 2.0ः नए पैन कार्ड के बारे में लोग अभी ठीक से समझ भी नहीं पाए हैं। लेकिन ठगों ने ठगी शुरू कर दी है। ठगों ने पैन कार्ड धारकों को बकायदा ऐसा टेक्स्ट मैसेज भेज रहे हैं, जिससे वे झांसे में आकर उनके चंगुल में फंस जाएं। इस तरह से फंसा कर उनसे जबरन भेजे लिंक पर क्लिक करवा रहे हैं। एक बार आपने उस लिंक पर क्लिक किया तो आपका बैंक खाता खाली होते देर नहीं लगेगी। **क्या है नया पैन** इसी साल 25 नवंबर को केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स विभाग के पैन 2.0 प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत पुराने पैन कार्ड की जगह नए पैन कार्ड बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 1,435 करोड़ रुपये भी आवंटित किए हैं। इसके तहत बने पैन कार्ड पर क्यूआर कोड (QR Code) होंगे। **क्या भेजा जा रहा है मैसेज** हमारे एक जानकार व्यक्ति के मोबाइल फोन पर मैसेज आया 'आयकर विभाग ने आपका वर्तमान पैन ब्लॉक कर दिया है। आपको PAN 2.0 कार्ड के लिए अप्लाई करना है तो इस लिंक को क्लिक करें' हमने उनसे पूछा कि इस लिंक पर क्लिक तो नहीं किया, तो उन्होंने बताया कि नहीं। जनाब, यह तो बच गए, लेकिन आप इस लिंक पर क्लिक करने की गलती मत कीजिएगा। नहीं तो आपका बैंक खाता तो खाली होना तय है। इससे आगे भी कुछ हो सकता है। **क्या हो सकती है दिक्कत** दिल्ली पुलिस के साइबर क्राइम विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस तरह के मैसेज स्कैमर्स भेजते हैं। उनके भेजे लिंक में कुछ ऐसे सॉफ्टवेयर हो सकते हैं जो कि आपके डिवाइस को हैक कर ले। या फिर उस लिंक पर क्लिक करते ही कुछ ऐसा सॉफटवेयर आपके स्मार्टफोन में आ जाए, जिससे स्कैमर्स का कंट्रोल आपके फोन पर हो जाए। इसके बाद आपके संवेदनशील जानकारी उन तक पहुंच जाएगी।

# ऑनलाइन शॉपिंग में हुई करोड़ों की ठगी, मिंत्रा से जुड़ा है मामला

**ठगों ने ठगी के नए नए तरीके इजाद कर लिए हैं। अब फैशन वेबसाइट मिंत्रा को ही देखिए। इस साल मार्च से जून तक इस कंपनी से ठगों ने 1.1 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर ली। इन ठगों की ठगी का तरीका भी बिल्कुल अगले है। पहले तो उन्होंने कंपनी को बल्क ऑर्डर दिया, फिर शिकायत दर्ज करके रिफंड लिया। कंपनी के मुताबिक इसे देशभर में इस तरीके से 50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।**

**बेंगलुरुः** ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी मिंत्रा (Myntra) को करोड़ों की ठगी का शिकार होना पड़ा है। जयपुर के एक गिरोह ने कंपनी के रिफंड सिस्टम का गलत फायदा उठाया। मार्च से जून के बीच बेंगलुरु में ही Myntra को 1.1 करोड़ रुपये का चूना लगा है। देशभर में यह नुकसान 50 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ठगों ने ब्रांडेड जूते, कपड़े, बैग, कॉस्मेटिक्स, घड़ियां और गहने जैसे महंगे सामान का ऑर्डर दिया। डिलीवरी के बाद, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि सामान कम मिला, गलत मिला या फिर बिल्कुल नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने रिफंड की मांग की। Myntra के ऐप में ही शिकायत दर्ज करने की सुविधा का फायदा उठाकर ठगों ने कंपनी को चूना लगाया।

**अब दर्ज कराई शिकायत** हमारे सहयोगी Times Of India में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक Myntra ने बेंगलुरु पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर के जरिए कंपनी को नुकसान पहुंचाया गया। ये ऑर्डर बेंगलुरु के अलग-अलग पतों पर डिलीवर किए गए थे। रिफंड अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कंपनी को देशभर में लगभग 50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। लेकिन, बेंगलुरु पुलिस ने Myntra को केवल शहर में हुई डिलीवरी से जुड़े मामलों की ही शिकायत दर्ज करने की सलाह दी।

**कैसे होती थी ठगी** ठग Myntra के ऐप या पोर्टल के जरिए बल्क में ऑर्डर करते थे। पेमेंट ऑनलाइन या कैश-ऑन-डिलीवरी के जरिए किया जाता था। एक बार पार्सल मिलने के बाद, वे Myntra के ऐप पर ही शिकायत दर्ज कराते थे। कभी सामान कम मिलने की शिकायत होती, तो कभी नकली या गलत सामान मिलने की। कई बार तो यह भी दावा किया जाता था कि ऑर्डर ही नहीं मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मान लीजिए किसी ने 10 जोड़ी ब्रांडेड जूते ऑर्डर किए। पार्सल मिलने के बाद वह शिकायत करता कि उसे सिर्फ 5 जोड़ी ही मिले हैं। बाकी 5 जोड़ी के पैसे वापस मांगता। इसी तरह, कपड़ों के साइज या रंग को लेकर भी शिकायतें की जाती थीं और रिफंड मांगा जाता था। उन्होंने बताया 'अगर किसी ने 10 जोड़ी ब्रांडेड जूते मंगवाए और पार्सल मिला, तो वो दावा करते कि सिर्फ 5 जोड़ी ही मिले हैं, फिर बाकी 5 के लिए रिफंड मांगते। कुछ लोग कपड़ों के रंग या साइज़ की भी शिकायत करते और रिफंड मांगते थे।'

Myntra Designs के एन्फोर्समेंट ऑफिसर, सरदार एमएस ने पुलिस को बताया कि कंपनी को बेंगलुरु के विभिन्न पतों पर डिलीवर किए गए लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर से नुकसान हुआ है। 'सरदार एमएस, Myntra Designs' एन्फोर्समेंट ऑफिसर, ने पुलिस को बताया कि कंपनी को बेंगलुरु के विभिन्न पतों पर डिलीवर किए गए लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर से नुकसान हुआ है।'




# भारत की धीमी रफ्तार से जब दुनिया में हड़कंप, सरकार क्यों नहीं ले रही टेंशन? समझिए




**मुंबई** म्यूचुअल फंड के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास के साथ ही सोशल मीडिया पर कुछ लोग दावा करते हैं कि म्यूचुअल फंड एक स्कैम है और इसमें एक इन्वेस्टमेंट बबल बन रहा है। इस पर एडलवाइस म्यूचुअल फंड की मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO राधिका गुप्ता कहती हैं कि ऐसा कहने वाले बहुत ही गैरजिम्मेदार लोग हैं, जो एक रेगुलेटेड इंडस्ट्री पर इस तरह का आरोप लगा रहे हैं। इसी के साथ ही राधिका गुप्ता ने म्यूचुअल फंड में निवेश, उसके कॉन्सेप्ट, फंड सिलेक्शन और उससे जुड़े रिस्क सहित अन्य चीजों के बारे में बात की। ये 100% सही है। आज की तारीख में 100 रुपए में आपको कॉफी मिलती है, लेकिन आप इतने अमाउंट से निवेश कर सकते हैं। आप बहुत सारे प्रोडक्ट चॉइस के साथ हर रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से निवेश कर सकते हैं। फंड रिडीम करने पर 2 दिन में आपको पैसे मिल सकते हैं। ये आप किसी भी फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट में नहीं कर सकते हैं। इसमें रेगुलेशन के साथ ट्रांसपेरेंसी है। मार्केट ऊपर भी जाता है और नीचे भी जाता है। कोविड के बाद लोगों ने मार्केट को केवल ऊपर जाते देखा है। लोगों को यह जानना चाहिए कि निवेश 5 से 10 साल की जर्नी है। मैं अच्छे मार्केट और बुरे मार्केट के लिए भी यही कहती हूं कि निवेश दाल-चावल की तरह साधारण होना चाहिए। जो आपको समझ में आए और आपके रिस्क के हिसाब से सही हो उन चीजों में निवेश करिए। अगर आप म्यूचुअल फंड के जरिए हिन्दुस्तान की इकोनॉमी में 10 साल के लिए पैसा निवेश करेंगे तो आप पैसा बनाएंगे। मार्केट में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, उनको सहन करना आपका काम है।

राधिका गुप्ता ने कहा कि अपनी SIP बंद मत करिए, क्योंकि जब हम एक साड़ी लेने जाते हैं और वो आधे दाम में मिलती है तो हम बहुत खुश हो जाते हैं। जब आप SIP के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं और सस्ता मिलता है तो आपको तो खुश होना चाहिए। म्यूचुअल फंड एक पूल है, जिसमें बहुत सारे लोग साथ में निवेश करते हैं, जिसमें वह अपना पैसा प्रोफेशनल को देते हैं। वह उनके पैसे को मैनेज करता है और अगर 100 रुपए का फंड है और आपने 50 रुपए डाले और मैंने 20 रुपए डाले तो उसी हिसाब से 50 रुपए का गेन आपको और 20 रुपए का गेन आपको मिलता है। इसमें बहुत सारे रेगुलेशन होते हैं।

म्यूचुअल फंड किस चीज में निवेश करता है। बड़े स्टॉक्स में, छोटे स्टॉक्स में, मिड स्टॉक्स में।

2) कैसे निवेश करता है और कब अच्छा करता है और कब बुरा करता है। 3) लंबे समय में कितना रिटर्न दे सकता है और कितना गिर करता है। 4) उस म्यूचुअल फंड को कौन मैनेज करता है। 5. सवालः इन्वेस्टर्स को कहां से म्यूचुअल फंड लेना चाहिए? क्या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए म्यूचुअल फंड लेना सही? रिटर्न पर कितना असर पड़ता है?

# PM 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन' के यंग इनोवेटर्स से बातचीत करेंगेः फाइनल में 1300 से ज्यादा टीमें शामिल



**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को सातवें 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024' के ग्रैंड फिनाले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यंग इनोवेटर्स से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे। इसमें 1300 से अधिक छात्रों की टीम हिस्सा लेंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा एडिशन है जिसमें इंस्टीट्यूशन लेवल पर इंटरनल हैकथॉन में 150% की वृद्धि हुई है। 7वें हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले देशभर के 51 नोडल केंद्रों पर एक साथ चलेगा । सॉफ्टवेयर एडिशन 36 घंटे तक नॉनस्टॉप चलेगा जबकि हार्डवेयर एडिशन 11 से 15 दिसंबर 2024 तक जारी रहेगा।

**250 से ज्यादा समस्याओं पर आईडिया देंगी टीम** इस साल 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और पब्लिक सेक्टर्स अंडरटेकिंग (PSU) ने 250 से ज्यादा समस्याएं भेजी हैं। इंस्टीट्यूशन लेवल पर हैकथॉन में 86 हजार से ज्यादा टीमों ने भाग लिया था और लगभग 49 हजार छात्रों की टीमों को (हर एक में 6 छात्र और 2 मेंटोर शामिल हैं) नेशनल लेवल के राउंड के लिए चुना गया है। **क्या है स्मार्ट इंडिया हैकथॉन** स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में छात्रों की टीमें मंत्रालयों, विभागों या उद्योगों द्वारा दी गई समस्याओं पर काम करती हैं या राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों से जुड़े 17 विषयों में से किसी पर स्टूडेंट इनोवेशन कैटेगरी में अपने आईडिया देती हैं। ये क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा, आपूर्ति श्रृंखला और रसद, स्मार्ट प्रौद्योगिकी, विरासत और संस्कृति, स्थिरता, शिक्षा और कौशल विकास, जल, कृषि और खाद्य, उभरती हुई प्रौद्योगिकी और आपदा प्रबंधन हैं। इस साल के एडिशन में कुछ दिलचस्प समस्याओं में इसरो द्वारा प्रस्तुत 'चंद्रमा पर गहरे क्षेत्रों की छवियों को बढ़ाना', जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत 'एआई, सैटेलाइट डेटा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और गतिशील मॉडल का उपयोग करके रियल टाइम में गंगा जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली विकसित करना' और आयुष मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत 'एआई की मदद से एक स्मार्ट योगा मैट बनाना' शामिल हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट में फिर ऑउटेज, कई सर्विसेस 6 घंटे ठप रहींः सोना 483 बढ़कर 77,175 पर पहुंचा, चांदी 1,010 बढ़कर 92,810 प्रति किलो पर पहुंची



**नई दिल्ली** कल की बड़ी खबर माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ी रही। दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट के प्रोडक्ट इस्तेमाल करने वाले हजारों लोगों को फिर आउटेज का सामना करना पड़ा। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 483 रुपए बढ़कर 77,175 रुपए पर पहुंच गया। चांदी 1,010 रुपए बढ़कर 92,810 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। 1. माइक्रोसॉफ्ट में फिर ऑउटेज, कई सर्विसेस 6 घंटे ठप रहींः भारत सहित दुनियाभर के यूजर्स परेशान हुए, आउटलुक और वनड्राइव जैसे प्रोडक्ट्स बंद पड़े दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट के प्रोडक्ट इस्तेमाल करने वाले हजारों लोगों को (10 दिसंबर) फिर आउटेज का सामना करना पड़ा। दुनियाभर के यूजर्स माइक्रोसॉफ्ट 365 के आउटलुक, वनड्राइव और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स जैसी प्रमुख सर्विसेस का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे थे। दोपहर 2:34 बजे शुरू हुए इस आउटेज की सबसे पहले डाउनडिटेक्टर पर रिपोर्ट की गई। इसके बाद शाम करीब 6:19 बजे शिकायतें टॉप पर थीं। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय यूजर्स को दोपहर करीब 3:19 बजे से परेशानियों का सामना करना पड़ा। 2. SEBI ने T+0 सेटलमेंट का दायरा 500 शेयरों तक बढ़ायाः खरीद-बिक्री के बाद फंड का सेटलमेंट सेम-डे होगा, अभी 25 स्टॉक्स इसके लिए एलिजिबल सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने सेम डे सेटलमेंट (T+0) के लिए अब 500 कंपनियों को परमिशन दे दी है। मार्केट रेगुलेटर ने इस सिस्टम को इसी साल 28 मार्च से शुरू किया था। तब दोनों स्टॉक एक्सचेंज यानी BSE और NSE की केवल 25 कंपनियां ही एक दिन में शेयरों की खरीद-बिक्री के बाद फंड का सेटलमेंट कर सकती थीं।

नई व्यवस्था 31 जनवरी 2025 से शुरू हो जाएगी। ज्यादा कंपनियों को इसकी अनुमति देकर SEBI सेटलमेंट सिस्टम को तेज करना चाहती है। फिलहाल मार्केट में T+1 सेटलमेंट सिस्टम चलन में है। यानी जिस दिन आप शेयरों को बेचेते हैं, पूरा पैसा उसके अगले दिन आपके अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा। 3. नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.1% घटाः लार्ज कैप फंड के इनफ्लो में भी 26.3% की गिरावट आई, स्मॉल कैप में 4,883.4 करोड़ का इन्वेस्टमेंट नवंबर 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में कुल निवेश 35,927.3 करोड़ रहा, जो अक्टूबर में 41,865.4 करोड़ की तुलना में 14.1% कम है। वहीं, लार्ज कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 26.3% की गिरावट आई है, जो अक्टूबर के 3,452.3 करोड़ से घटकर नवंबर में 2,547.9 करोड़ रह गया। हालांकि, स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 9% की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अक्टूबर के 3,772 करोड़ से बढ़कर नवंबर में 4,112 करोड़ हो गया है। मिड कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 4.3% की मामूली वृद्धि देखी गई, जो अक्टूबर में में 4,683 करोड़ था और यह नवंबर में बढ़कर 4,883.4 करोड़ हो गया है।

# विशाल मेगा मार्ट, मोबिक्विक और साई लाइफ साइंसेज में निवेश का मौका, 18 दिसंबर को BSE-NSE पर लिस्टिंग




**मुंबई**विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड, वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड और साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO आज ओपन हो गए हैं। रिटेल निवेशक तीनों IPO के लिए 13 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। 18 दिसंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।

1) विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड

विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड IPO के जरिए टोटल 8,000 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 8,000 करोड़ के 1,025,641,025 शेयर ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए बेच रही है। विशाल मेगा मार्ट IPO के लिए एक भी फ्रेश शेयर इश्यू नहीं कर रही है।

मैक्सिमम 2470 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक


विशाल मेगा मार्ट ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 74-78 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 190 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 78 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,820 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 2470 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे। ग्रे मार्केट में विशाल मेगा मार्ट का प्रीमियम 16.67% IPO ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 16.67% यानी 13 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 78 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 91 पर हो सकती है। हालांकि, यह केवल अनुमान होता है, शेयर की लिस्टिंग की प्राइस ग्रे मार्केट की प्राइस से काफी अलग होती है। 391 शहरों में कंपनी के 600 से ज्यादा स्टोर्स विशाल मेगा मार्ट की स्थापना 2001 में हुई थी। यह एक हाइपरमार्केट चैन है, जो अपैरल, ग्रॉसिरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और होम एसेंशियल्स सहित अन्य प्रोडक्ट बेचती है। 30 सितंबर 2024 तक, देश के 391 शहरों में कंपनी के 600 से ज्यादा स्टोर्स और 16,537 कर्मचारी थे।

# शक्तिकांत दास के कार्यकाल का आज आखिरी दिनःबोले- फैसले लेना बहुत कठिन, हमेशा बेस्ट देने की कोशिश की; 6 साल RBI गवर्नर रहे

**नई दिल्ली** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास का कार्यकाल आज (10 दिसंबर) समाप्त हो रहा है। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर 2018 को RBI गवर्नर बनाए गए थे। उनके कार्यकाल को बाद में तीन साल के लिए एक्सटेंड किया गया था। उनकी जगह केन्द्रीय कैबिनेट ने संजय मल्होत्रा को नया गवर्नर नियुक्त किया है। संजय कल (11 दिसंबर) पदभार संभाल रहे हैं। शक्तिकांत दास ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर RBI गवर्नर के अपने अनुभवों को साझा किया। दास ने कहा कि आधुनिक दुनिया में फैसले लेना बहुत कठिन है। पिछले 6 सालों में मेरी कोशिश इन सिद्धांतों का पालन करने की रही है- मेरा अनुभव है कि RBI में टीम वर्क बहुत ऊंचे स्तर पर था। मेरी ये यात्रा निजी यात्रा नहीं थी, ये एक RBI गवर्नर की यात्रा थी। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे RBI गवर्नर बनने का मौका मिला। मैंने RBI को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया। केंद्रीय बैंक के जीवन में चुनौतियां हमेशा आती रहती हैं, हमारे सामने कुछ मुद्दों में महंगाई-ग्रोथ संतुलन बहाल करना शामिल है। मुझे विश्वास है कि नए गवर्नर इसे और आगे लेकर जाएंगे। RBI के सामने दूसरा बड़ा मुद्दा विश्व व्यवस्था में बदलाव का है। शक्तिकांत दास भारत के केंद्रीय बैंक के शीर्ष पर 6 साल रहे।

# भारत ने रूस से S-400 की जल्द डिलीवरी को कहाः पुतिन से राजनाथ बोले- दोनों देशों की दोस्ती सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची







**मॉस्को** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत-रूस में साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं।

**बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा-** भारत-रूस के बीच दोस्ती सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है। भारत हमेशा अपने रूसी मित्रों के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा। पुतिन से मुलाकात से पहले राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से मुलाकात की थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सतह से हवा में मार करने वाली S-400 मिसाइल सिस्टम की दो बची हुई यूनिट की जल्द डिलीवरी पर जोर दिया। भारत और रूस के बीच 2018 में S-400 एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर डील हुई थी। इस डील के तहत, रूस भारत को अब तक 3 यूनिट S-400 सौंप चुका है। ये चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। S-400, रूस का एक लंबी दूरी का मिसाइल सिस्टम है। इसे 400 किलोमीटर की दूरी तक विमान, ड्रोन, और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने, और नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करते हुए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करते हुए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। मॉस्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 21वें सत्र के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव।

मॉस्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 21वें सत्र के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव (बाएं) भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दए गए गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को मॉस्को में अज्ञात सैनिक की कब्र पर श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को मॉस्को में अज्ञात सैनिक की कब्र पर श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। मॉस्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। **रूस ने भारत को सौंपा INS तुशिल** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 8 से 10 दिसंबर 2024 तक रूस की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्री ने सोमवार को कालिनिनग्राद का दौरा भी किया, जहां पर वह INS तुशिल की फ्लैग रेजिंग सेरेमनी में शामिल हुए। यह जंगी जहाज एक स्टेल्थ फ्रिगेट है। जिसमें कई एडवांस सिस्टम और मल्टी-रोल वेपन सिस्टम लगे हुए हैं। इससे भारतीय नौसेना की ताकत में काफी इजाफा होगा। INS तुशिल जंगी जहाज प्रोजेक्ट 11356 के तहत भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत और रूस में अक्टूबर 2016 में 2.5 बिलियन डॉलर (करीब 21 हजार करोड़ रुपए) की डील हुई थी। इसमें से 2 युद्धपोत का निर्माण रूस (यंतर शिपयार्ड) में और 2 का निर्माण (गोवा शिपयार्ड) में होना है। तुशिल की डिलीवरी करने के बाद रूस भारत को जून-जुलाई 2025 में तमाल सौंपेगा।

तुशिल की कमिशनिंग के मौके पर राजनाथ सिंह के साथ कई दूसरे वरिष्ठ भारतीय अधिकारी मौजूद रहे। **5 महीने में 2 बार रूस गए PM मोदी** रक्षा मंत्री की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा और पुतिन के साथ शिखर वार्ता के पांच महीने बाद हुई है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-रूस रक्षा और सैन्य संबंधों को और बढ़ाने पर जोर देने की बात कही थी। मोदी ने वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अक्टूबर में भी रूस की यात्रा की थी। राष्ट्रपति पुतिन अगले साल प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्षिक शिखर वार्ता करने के लिए भारत आने वाले हैं।

# साउथ कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री ने आत्महत्या की कोशिश कीः राष्ट्रपति के साथ मिलकर इमरजेंसी लगाई थी



**सियोल** साउथ कोरिया में पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने मंगलवार देर रात हिरासत में रहने के दौरान आत्महत्या की कोशिश की। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक कानून मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि किम सियोल खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उन्हें एक सेल में रखा गया है, जहां वे सुरक्षित हैं। अधिकारी ने कहा कि किम ने आधी रात से कुछ पहले सियोल स्थित डोंगबू डिटेंशन सेंटर के बाथरूम में आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उनकी स्थिति अभी खतरे से बाहर है। रिपोर्ट के मुताबिक जब ये घटना हुई, उसी दौरान पुलिस की एक टीम राष्ट्रपति यून सुक योल के ऑफिस में छापेमारी कर रही थी। एक स्पेशल इंवेस्टिगेटिव यूनिट देश में मार्शल लॉ (आपतकाल) लगाने में राष्ट्रपति की भूमिका की जांच कर रही है। इससे पहले 9 दिसंबर को राष्ट्रपति यून के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यून पहले दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति हैं, जिन पर पद पर रहते हुए देश छोड़ने पर बैन लगा है।

साउथ कोरिया में 5 दिसंबर को अपने इस्तीफे की घोषणा करते किम योंग-ह्यून। **मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स बने किम** साउथ कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने रक्षा मंत्री किम के साथ मिलकर देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि, यह 6 घंटे ही चल पाया था। इसके 2 दिन बाद रक्षा मंत्री किम ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। साउथ कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया था। वे मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स हैं। उन पर विद्रोह, अधिकारों के दुरुपयोग समेत कई आरोप हैं। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को उनकी गिरफ्तारी की मंजूरी दी थी। कोर्ट ने ये माना था कि जेल से बाहर रहते हुए वे सबूत नष्ट करवा सकते हैं। राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री समेत 9 लोगों पर केस दर्ज

मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने यून के मार्शल लॉ लागू करने को असंवैधानिक, अवैध विद्रोह या तख्तापलट कहा है। इसे लेकर राष्ट्रपति यून और पूर्व रक्षा मंत्री सहित नौ लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शनिवार को महाभियोग प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मार्शल लॉ लगाने के लिए देश से माफी मांगी थी। उन्होंने लाइव टीवी पर सिर झुकाकर जनता के सामने मार्शल लॉ लगाए जाने को गलत कहा था। हालांकि, उन्होंने इस्तीफे की घोषणा नहीं की। **राष्ट्रपति को मार्शल लॉ लगाने की जरूरत क्यों पड़ी**? दक्षिण कोरिया की संसद में कुल 300 सीटें हैं। इस साल की शुरुआत में हुए चुनाव में जनता ने विपक्षी पार्टी DPK को भारी जनादेश दिया था। सत्ताधारी पीपल पावर को सिर्फ 108 सीटें मिलीं, जबकि विपक्षी पार्टी DPK को 170 सीटें मिलीं। बहुमत में होने की वजह से विपक्षी DPK, राष्ट्रपति सरकार के कामकाज में ज्यादा दखल दे रही थी, और वे अपने एजेंडे के मुताबिक काम नहीं कर पा रहे थे। राष्ट्रपति योल ने 2022 में मामूली अंतर से चुनाव जीता था। इसके बाद से उनकी लोकप्रियता घटती चली गई। उनकी पत्नी के कई विवादों में फंसने की वजह से भी उनकी इमेज पर असर पड़ा।

# सीरिया में असद का कत्लखाना, जहां विरोधियों को रखते थे:72 तरह से डेढ़ लाख लोगों को मारा, यहां अनजान जगह एक लाख कैदी फंसे



***दमिश्क*** *सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के देश छोड़कर भागने के बाद 8 दिसंबर को विद्रोहियों ने कुख्यात सेडनाया जेल पर कब्जा कर लिया और जेल से हजारों कैदियों को रिहा कर दिया। हालांकि, 3 दिन बीत जाने के बावजूद अभी भी कुछ लोग जेल से बाहर नहीं निकल पाए हैं। इसकी वजह ये है कि जेल में तहखाना है और उन कोठरियों तक पहुंचने में मुश्किलें आ रही हैं। एनमेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक राष्ट्रपति असद ने अपने खिलाफ आवाज उठाने वाले लाखों लोगों को कुख्यात सेडनाया जेल की काल कोठरियों में ढूंस दिया था। इस जेल के स्लॉटरहाउस (बूचड़खाने) में बंदियों को 72 से ज्यादा तरह की यातनाएं दी जाती थीं। इस जेल में 1.57 लाख से ज्यादा लोगों को यातनाएं देकर मारा जा चुका है, जिनमें 5,274 बच्चे और 10,221 महिलाएं भी शामिल हैं। असद के देश छोड़कर भागने और सेडनाया जेल पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद हजारों सीरियाई लोग सेडनाया जेल पहुंच गए। उन्हें उम्मीद है कि असद के शासन के दौरान गिरफ्तार या लापता उनके परिजनों के बारे में कोई जानकारी मिल सकती है।* ***सेडनाया जेल में कैदियों की पहचान में जुटे लोग।*** *सेडनाया जेल में कैदियों की पहचान में जुटे लोग। सेडनाया जेल में कैद अपने परिजन को छुड़ाकर ला रहे लोग।* ***रविवार को फांसी होनी थी, पर विद्रोहियों ने बचा लिया*** *कुख्यात सेडनाया जेल पर विद्रोहियों का कब्जा 63 वर्षीय बशर बरहौम के लिए जीवनदान बन गया। बरहौम का कहना है कि उसे 7 महीने पहले जेल लाया गया था। उसे रविवार को फांसी की सजा होनी थी, लेकिन विद्रोहियों ने जेल पर कब्जा कर लिया और वह बच गया। एक और कैदी ने बताया कि जेल की छोटी कोठरी में 25 लोगों को रखा जाता था। बचे हुए लोगों ने बताया कि जेल के अंदर गार्डों ने पूर्ण मौन का नियम लागू किया हुआ था। बंदी बोल नहीं सकते थे, इसलिए कई कैदियों ने दीवारों पर संदेश लिखे। कैदियों को कुचलकर मारने के लिए आयरन प्रे सेडनाया जेल के भीतर पहुंचने के लिए सिर्फ एक घुमावदार सीढ़ी है। जो सलाखों से घिरी हुई है। यहां से जेल के 3 विंग में जाने के रास्ते हैं। विद्रोहियों का कहना है कि जेल के तीनों विंग अपनी अलग-अलग क्रूरता के लिए कुख्यात हैं। जेल की एक विंग में विद्रोहियों को 'आयरन एक्जीक्यूशन प्रेस' मिली है। बताया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल कैदियों को कुचल कर मारने के लिए किया जाता था। मानवाधिकार नेटवर्क ने जेल प्रशासन द्वारा यातना दिए जाने के 72 अलग-अलग तरीकों का दस्तावेजीकरण किया है। इनमें जननांगों पर बिजली का झटका देना या उन पर वजन लटकाना; धातु की छड़, बारूद या ज्वलनशील कीटनाशकों से कैदियों को जलाना; उनके सिर दीवार और जेल के दरवाजे के बीच कुचलना, शरीर में सुई या धातु की पिन डालने जैसी कई सजाएं शामिल हैं।* ***आशंकाः रेड विंग में बंद कैदी भूख से न मर जाएं*** *सेडनाया जेल राजधानी दमिश्क से 30 किमी दूर एक पहाड़ी पर स्थित है। ये जेल दो बारूदी सुरंगों से घिरी हुई है। व*

# दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ने की खुदकुशी की कोशिश

**दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून ने गिरफ्तारी के बाद आत्महत्या का प्रयास किया है। उन्हें मार्शल लॉ लागू करने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे मामले में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के कार्यालय पर भी छापा मारा गया है।**




**सियोलः** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून ने मार्शल लॉ लगाने के मामले में गिरफ्तारी के बाद आत्महत्या का प्रयास किया है। कोरिया करेक्शनल सर्विस के कमिश्नर जनरल शिन योंग ने बताया है कि किम ने सियोल के डिटेंशन सेंटर में आत्महत्या का प्रयास किया, जहां उनको फिलहाल रखा गया है। हालांकि जेल अधिकारियों ने उन्हें खुदकुशी की कोशिश करते हुए देख लिया और समय रहते बचा लिया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई गई है। न्याय मंत्री पार्क सुंग जे ने भी किम के आत्महत्या का प्रयास करने की पुष्टि की है। उनकी ओर से यह कोशिश तब हुई है, जब विपक्षी पार्टी उन पर महाभियोग चलाने की तैयारी में है। किम को विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने के मामले में गिरफ्तार होने वाले वो पहले व्यक्ति थे। उन पर मार्शल लॉ के दौरान पुलिस बलों को नेशनल असेंबली में तैनात करने का आरोप है। पार्लियामेंट को हथियारों से लैस सैनिकों ने घेर लिया था। सैन्य कमांडरों का कहना है कि पूर्व रक्षा मंत्री के आदेश पर ये तैनाती की गई थी लेकिन सांसद संसद भवन में प्रवेश करने में कामयाब रहे। संसद ने सर्वसम्मति से मार्शल लॉ के आदेश को खारिज कर दिया। इसके बाद कैबिनेट को 4 दिसंबर को इसे वापस लेना पड़ा। इस मामले में अब जांच और गिरफ्तारियों का दौर चल रहा है। **अदालत ने जारी किया था वारंट** सियोल की एक अदालत ने विद्रोह में अहम भूमिका निभाने और सत्ता का दुरुपयोग करने के आरोप में किम के खिलाफ वारंट जारी किया था, जिसके बाद बुधवार को उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि किम को रविवार से ही हिरासत में रखा गया है लेकिन उनकी औपचारिक गिरफ्तारी बुधवार को हुई है। उन पर मार्शल लॉ लागू करने में राष्ट्रपति यून सुक येओल और दूसरे अफसरों के साथ मिलीभगत का आरोप है। फिलहाल ये जांच की जा रही है कि उनके काम को विद्रोह माना जाए या नहीं। अभियोक्ताओं के पास यह तय करने के लिए 20 दिन का समय है कि उन पर अभियोग लगाया जाए या नहीं। विद्रोह के आरोप में दोषी पाए जाने पर अधिकतम मृत्युदंड दिया जा सकता है। दक्षिण कोरिया में 40 साल में पहली बार 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाया गया था।

# बांग्लादेश ने मान ली हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की बात, बोला- हसीना के हटने के बाद 88 घटनाएं सामने आईं



**बांग्लादेश की सरकार ने कबूल किया है कि शेख हसीना के पद से हटने के बाद हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की 88 घटनाएं हुई हैं। इससे पहले तक बांग्लादेश की पूरी सरकार और खुद सर्वेसर्वा मोहम्मद यूनुस इसे झूठ बताते आए हैं। यूनुस का यहां तक कहना है कि यह भारतीय मीडिया का फैलाया झूठ है।**

**ढाकाः** बांग्लादेश ने मंगलवार को स्वीकार किया कि अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की 88 घटनाएं हुईं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। **भारतीय विदेश सचिव के दौरे के बाद किया खुलासा** उन्होंने यह खुलासा ऐसे समय किया है जब एक दिन पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बांग्लादेशी नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों पर हमलों की अफसोसजनक घटनाओं को उठाया था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित भारत की चिंताओं से अवगत कराया था। आलम ने संवाददाताओं को बताया कि पांच अगस्त से 22 अक्टूबर तक अल्पसंख्यकों से संबंधित घटनाओं में कुल 88 मामले दर्ज किए गए हैं। **हिंसा के नए मामले भी सामने आए** उन्होंने कहा, 'मामलों और गिरफ्तारियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि पूर्वोत्तर सुनामगंज, मध्य गाजीपुर और अन्य क्षेत्रों में भी हिंसा के नए मामले सामने आए हैं।' उन्होंने कहा कि ऐसे मामले भी हो सकते हैं जहां कुछ पीड़ित पिछली सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य रहे हों। सरकार अब तक इस बात पर जोर देती रही है कि कुछ घटनाओं को छोड़कर, हिंदुओं पर उनकी आस्था के कारण हमला नहीं किया गया। आलम ने कहा कि 22 अक्टूबर के बाद हुई घटनाओं का ब्यौरा जल्द ही साझा किया जाएगा।

# भारत ने सीरिया से 75 नागरिकों को निकाला, जम्मू कश्मीर के 44 जायरीन शामिल, लेबनान के रास्ते लौटेंगे अपने वतन

**नई दिल्लीः** भारत ने सीरिया में विद्रोही बलों द्वारा बशर अल असद की सरकार को हटाने जाने के दो दिन बाद मंगलवार को वहां से 75 भारतीय नागरिकों को बाहर निकाला। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा स्थिति के आकलन के बाद दमिश्क और बेरूत स्थित भारतीय दूतावासों ने निकासी की प्रक्रिया की।देर रात जारी बयान में कहा गया, 'भारत सरकार ने सीरिया में हाल में हुए घटनाक्रम के बाद आज 75 भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला।' **सीरिया से 44 कश्मीरी समेत 75 लोग निकाले** इसमें कहा गया, 'निकाले गए लोगों में जम्मू कश्मीर के 44 जायरीन शामिल हैं, जो सईदा जैनब(सीरिया में शिया मुस्लिमों का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल) में फंसे हुए थे। सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वे उपलब्ध कमर्शियल उड़ानों से भारत लौटेंगे।' **क्या होता है जायरीन**? सीरिया से जिन 75 लोगों को वतन वापस लाया जा रहा है उनमें 44 कश्मीरी जायरीन शामिल हैं। जायरीन उन लोगों को कहा जाता है, जो हज यात्रा पर जाते हैं। यह शब्द मुख्य रूप से हज यात्रा, उमरा, या दरगाह पर ज़ियारत (दर्शन) करने वाले लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। इस्लामिक परंपरा में, हज यात्रा के दौरान जायरीन कई रस्मों का पालन करते हैं, जैसे सई करना, शैतान को पत्थर मारना आदि। **सीरिया के हालात पर भारत सरकार की नजर** विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उसने कहा, 'सीरिया में रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।'

# प्रयागराज महाकुंभ को लेकर नेपाल में पर्यटन मीट का आयोजन, जानिए क्या-क्या हुई बात

***भारत में अगले साल होने वाले प्रयागराज महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश में तैयारी काफी तेज हो गई है। वहीं अब भारत इस महाकुंभ को दुनिया में सामने लाने के लिए विदेशों में भी कार्यक्रम कर रहा है। इसी के क्रम में नेपाल में एक टूरिज्म मीट का आयोजन किया गया।***





***नई दिल्लीः*** *भारत के काठमांडू स्थित दूतावास और नेपाल पर्यटन बोर्ड ने संयुक्त रूप से 10 दिसंबर 2024 को पहली भारत-नेपाल पर्यटन मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अगले साल उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली महाकुंभ मेला के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ भारत और नेपाल के बीच सर्किट पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आपसी सहयोग बनाना था।*

***महाकुंभ 2025 पर प्रस्तुति*** *उत्तर प्रदेश सरकार की पर्यटन अधिकारी श्रीमती कीर्ति ने महाकुंभ 2025 पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें इस कार्यक्रम का नेपाली श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम का समापन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) द्वारा समर्थित आठ सदस्यीय भारतीय कत्थक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में भारत से 13 प्रतिनिधियों और नेपाल की तरफ से भी भागीदारी हुई है। चर्चा का मुख्य विषय सीमा पार पर्यटन को बढ़ावा देना था, विशेष रूप से भूमि मार्ग के माध्यम से। दोनों पक्षों ने रामायण और बौद्ध सर्किट सहित दोनों देशों के पर्यटकों के लिए यात्रा योजनाओं का भी जिक्र किया। उधर, नेपाल पर्यटन बोर्ड के सीईओ दीपक राज जोशी ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि भारत नेपाल के लिए विदेशी पर्यटकों का सबसे बड़ा स्रोत है और नेपाल पर्यटन बोर्ड द्वारा भारत-नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की गई है।*



# पैन इंडिया होगी धनुष की अगली फिल्म, साथ में नजर आएंगे नागार्जुन व रश्मिका मंदाना





राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की अगली फिल्म गुरुवार को एक पूजा समारोह के साथ हैदराबाद में लॉन्च की गई। अभी तक नामांकित मल्टी-स्टारर फिल्म में नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। हालांकि निर्माता इस परियोजना के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन परियोजना की शूटिंग बुधवार को फिर से शुरू हो गई। धनुष ने अपने पहले दिन कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की और निर्माताओं ने इस महीने के लिए एक शेड्यूल की योजना बनाई है। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज के तहत सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित, यह फिल्म सोनाली नारंग द्वारा प्रस्तुत की गई है। पूजा समारोह में धनुष, शेखर, निर्माता और कुछ अन्य लोग शामिल हुए। निकेथ बोम्मी को इस परियोजना के लिए छायाकार के रूप में चुना गया है। निर्माताओं ने अभी बाकी कलाकारों और क्रू की घोषणा नहीं की है। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी। छहर, जिसे धनुष, नागार्जुन, शेखर कम्मुला के रूप में विस्तृत किया गया है, आज 18 जनवरी को एक पूजा समारोह के साथ लॉन्च किया गया, जिसमें सुनील नारंग, पुस्कुर राम मोहन राव, भरत नारंग, जान्हवी नारंग और अन्य शामिल हुए। नियमित शूटिंग कल, 17 जनवरी से शुरू हुई, जिसमें टीम ने धनुष के साथ कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की। दो बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर, 'फ़िदा' और 'लव स्टोरी' बनाने के बाद, शेखर कम्मुला अपनी अगली फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स के मुताबिक यह फिल्म तकनीकी पहलुओं के मामले में भी दमदार होगी। शेखर की पिछली फिल्में फिदा और लव स्टोरी जबरदस्त हिट रही थीं, इसलिए इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। धनुष की कैप्टन मिलर 12 जनवरी को संक्रांति के अवसर पर तमिल में रिलीज़ हुई थी और 25 जनवरी को तेलुगु में रिलीज़ होगी। अभिनेता अपने 50वें प्रोजेक्ट के साथ लेखन और निर्देशन में भी वापसी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग जारी है। छ50 में निथ्या मेनन, एसजे सूर्या, संदीप किशन, कालिदास जयराम, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। नागार्जुन की ना सामी रंगा 14 जनवरी को रिलीज हुई थी और इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अभिनेता ने अभी तक किसी अन्य परियोजना की घोषणा नहीं की है।

# आस्क मी सेशन में सामंथा ने किया खुलासा - चैतन्य से शादी करना सबसे बड़ी गलती!



साउथ इंडस्ट्री की हिट अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री के साउथ में ही नहीं हिंदी सिनेमा में भी काफी फैंस हैं। सामंथा समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रशंसकों से जुड़ती देखी जाती हैं। हाल ही में, सामंथा ने सोशल मीडिया पर आस्क मी एनीथिंग सेशन की मेजबानी की। इस दौरान प्रशंसकों ने तमाम सवाल पूछे। वहीं, इनमें से एक सवाल में सामंथा की जीवन में सबसे बड़ी गलती के बारे में पूछा गया? जिस पर दिया गया अभिनेत्री का बयान सुखियों में छाया हुआ है। इस सेशन के दौरान एक यूजर ने सामंथा ने पूछा, आपने अपने जीवन में सबसे बड़ी गलती क्या कौन सी की है, जिससे अपने एक बड़ा सबक हासिल किया है? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, शायद सबसे बड़ी गलती मेरी खुद की पसंद और नापसंद, जिसको में सही से समझ नहीं पाई। मैं उस समय अपने साथी की ओर कुछ ज्यादा ही आकर्षित थी, लेकिन कुछ समय बाद मुझे उस गलती का एहसास हुआ। वह कठिन समय मेरे लिए एक सबक था। सामंथा का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और प्रसंशकों ने मान लिया कि अभिनेत्री अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के बारे में बात कर रही हैं। सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य की मुलाकात फिल्म ये माया चेसवा की शूटिंग के दौरान हुई थी। लंबी दोस्ती और डेटिंग के बाद दोनों ने अक्तूबर 2017 में धूमधाम से शादी रचाई। हालांकि, बाद में इन दोनों स्टार्स का रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला और अक्तूबर 2021 में उन्होंने अलग होने की घोषणा की।

## सामंथा का वर्कफ्रंट


सामंथा रुथ प्रभु के वर्कफ्रंट की बात करें तो, अभिनेत्री ने ईगा, डुकुडु सीथम्मा वकिटलो सिरिमले चेट्टू, अटारिंटिकी डेरेडी, कैथी और द फैमिली मैन 2 जैसी फिल्मों में काम किया है। सामंथा प्रभु हाल ही में विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म कुशी में देखा गया था। अभिनेत्री सिटाडेल इंडिया में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के अपोजिट नजर आएंगी। इस सीरीज का निर्देशन द फैमिली मैन फेम मशहूर निर्देशक की जोड़ी राज एंड डीके कर रहे हैं।

# इंडियन पुलिस फोर्स में अपने किरदार पर बोले सिद्धार्थ



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के लिए तैयार हैं। सिद्धार्थ वेब सीरीज के प्रचार में जुटे हुए हैं, जिसके लिए वे दिल्ली पहुंचे और यहां उन्होंने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर दिल्ली पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के साथ बातचीत की। इस दौरान सिद्धार्थ ने अपने दिल्ली के जीवन को याद किया और अपने अनुभव साझा भी साझा किए। साथ ही उन्होंने दिल्ली पुलिस की तारीफ करते हुए उनके काम को सराहा। दिल्ली में अपने बिताए दिनों को याद करते हुए सिद्धार्थ ने बताया कि मैं हमारे दिल्ली पुलिस से स्कूल और कॉलेज में मिलता था, लेकिन जब आप कॉलेज में होते हो, तब आप काफी अनजान होते हो। एक नागरिक के रूप में हम हमेशा चाहते हैं कि आपके अधिकारी और सरकार आपको बेहतर सेवा प्रदान करें। जीवन में एक निश्चित बिंदु तक पहुंचने और विभिन्न चीजों के बारे में जागरूकता हासिल करने के बाद अब मुझे लगता है कि पुलिस सेवा देश की सबसे कठिन नौकरियों में से एक है, क्योंकि आप पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के साथ व्यवहार कर रहे हैं और सभी कॉलोनियों और क्षेत्रों में सभी आयु समूहों के साथ बातचीत कर रहे हैं, मुझे लगता है कि आप प्रतिभाशाली हैं। सिद्धार्थ ने आगे कहा कि मैं यह भी मानता हूं कि आप प्रतिभाशाली हैं, क्योंकि लोग सोच सकते हैं कि हर किसी को संबोधित करना हमारा काम कठिन है, लेकिन आप सभी पुलिस अधिकारी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए जनता से धैर्यपूर्वक बात करते हैं। एक अभिनेता के रूप में मैं बेहद सम्मानित महसूस करता हूं कि मुझे बड़े पर्दे पर वर्दी पहनने का मौका मिला, जैसा कि रोहित शेट्टी कहते हैं कि हम रील हीरो हैं, आप पुलिस अधिकारी असली हीरो हैं। वहीं वेब सीरीज के रिलीज की बात करें तो सात भाग की हाई-ऑक्टेन एक्शन सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स रोहित शेट्टी के डिजिटल निर्देशन की पहली सीरीज है, जो सिद्धार्थ मल्होत्रा के ओटीटी डेब्यू का भी प्रतीक है। सीरीज में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, विवेक ओबेरॉय, श्वेता तिवारी, निकितिन धीर, ऋतुराज सिंह और ललित परिमू महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। इंडियन पुलिस फोर्स का प्रीमियर 19 जनवरी 2024 को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर होने वाला है।

# रहसान नूर के साथ कोको एंड नट में काम करेंगी प्रनूतन बहल



हिंदी सिनेमा की महान अभिनेत्री दिवंगत नूतन की पोती और अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल अपने करियर के नए चरण की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। अब वे जल्द ही हॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। प्रनूतन फिल्म कोको एंड नट में अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रहसान नूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। प्रनूतन कोको एंड नट फिल्म से रहसान नूर के साथ हॉलीवुड डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं। यह रोमांटिक जॉनर की फिल्म बताई जा रही है। इसका निर्देशन खुद रहसान नूर ने किया है। उनकी आखिरी फिल्म 2018 की बंगाली ब्यूटी थी, जिसे समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। कोको एंड नट की कहानी की बात करें तो यह एक महत्वाकांक्षी युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रनूतन ने निभाया है, जो अपनी शादी बचाने की चुनौतियों से जूझ रही हैं। उनके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उन्हें अपने कॉलेज प्रेमी यानी रहसान नूर से समर्थन मिलता है। अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निर्मित होने वाली इस फिल्म की पूरी शूटिंग जून से जुलाई तक शिकागो में होने वाली है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत दोनों से विविध कलाकार और क्रू शामिल होंगे। अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर प्रनूतन ने कहा, मैं हमेशा से एक रोमांटिक ड्रामा करना चाहती थी। कोको एंड नट एक खूबसूरत कहानी है, जिसमें मेरा किरदार नट अपने जीवन में एक परिवर्तनकारी चरण से गुजरता है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैंने ऐसी फिल्म के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत की। फिल्म को लेकर रहसान नूर ने कहा, फिल्म बनाने का एक और मौका पाकर मैं वास्तव में आभारी हूं। वह भी एक ऐसे विषय पर, जो न केवल मेरे लिए व्यक्तिगत है, बल्कि एक ऐसा विषय है, जिससे मैंने दुनिया भर में बहुत से लोगों को जुड़ा हुआ पाया है। जब आप अपने जीवन साथी की तलाश कर रहे हों तो आपको वास्तव में कैसे पता चलेगा कि आपको वह मिल गया है या नहीं। अपनी मातृभूमि की फिल्मों के प्रति प्रेम के साथ मैं दूसरी पीढ़ी के कई अन्य दक्षिण एशियाई अमेरिकियों की तरह बड़ा हुआ हूं, इसलिए हम अंग्रेजी और हिंदी में कोको और नट बना रहे हैं। इस फिल्म में प्रनूतन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है, जिस समय मैंने उन्हें नोटबुक में देखा, मैं उनकी प्रतिभा से प्रभावित हो गया और जानता था कि मुझे एक दिन उनके साथ काम करना है। कोको एंड नट में प्रनूतन बहल और अमेरिकी अभिनेता-फिल्म निर्माता रहसान नूर मुख्य भूमिका में हैं।

# मौका मिला तो करूंगी बायोपिक में काम




अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फिल्म खो गए हम कहां की सफलता का जश्न मना रही हैं। हर तरफ उनके काम की तारीफ हो रही है। तीन दोस्तों की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म को जो सफलता मिली है, अनन्या ने कभी उसकी कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में उन्होंने अहाना का किरदार निभाया है जो नौकरी छोड़कर अपना जिम का बिजनेस संभालना चाहती है। अनन्या पांडे का किरदार आज की युवा पीढ़ी की उलझनों और परेशानियों को दिखाता है। पिछले दिनों मीडिया से बात करते हुए अनन्या ने बताया कि अब वे कैसी फिल्में करना चाहती हैं।

बायोपिक में करना चाहेंगी काम

अनन्या पांडे ने अभी तक कई ऐसी फिल्में की हैं जिनमें उनका किरदार एक प्यारी सी लड़की का रहा है। अब अनन्या कुछ अलग और नया करना चाहती हैं। मीडिया से बातें करते हुए उन्होंने कहा, मैं अब किसी बायोपिक का हिस्सा बनना चाहती हूं। मैं किसी महिला खिलाड़ी या फिर किसी महान गायिका के बायोपिक में काम करना चाहूंगी। मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हूं जो सभी वर्ग के दर्शकों को पसंद आए। अनन्या पांडे के लिए साल 2023 काफी लकी रहा। अनन्या की दो फिल्में ड्रीम गर्ल 2 और खो गए हम कहां रिलीज हुई थीं। दोनों ही फिल्मों में उनकी एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया। खो गए हम कहां में के किरदार से अनन्या ने दर्शकों को पूरी तरह प्रभावित किया है। आने वाले दिलों में अनन्या पांडे कंट्रोल और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर में नजर आएंगी।

# मेरी क्रिसमस को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से खुश हैं कैटरीना



अभिनेत्री कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म मेरी क्रिसमस की सफलता का आनंद ले रही हैं। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह विजय सेतुपति के अपोजिट नजर आई हैं। दर्शकों को फिल्म में इनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आई है। दर्शक उनकी अदाकारी और केमिस्ट्री की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में कटरीना ने फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया पर बात की है। कैटरीना कैफ ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा, मैं लंबे समय से श्रीराम सर के साथ कुछ करना चाहती थी और हमने इस बारे में कई बार बातचीत की थी, जिस शैली को वह अपनी पिछली फिल्मों के माध्यम से खोजते हैं, उसमें एक निश्चित कच्चापन और वास्तविकता है। मगर इससे परे, एक मानवीय गुण है, जो उनकी फिल्मों के किरदारों में दिखता है, जो मेरे लिए आकर्षक था। एक कलाकार के तौर पर मेरी क्रिसमस एक ऐसा अवसर है, जो आपको हर दिन नहीं मिलता है। फिल्म को जिस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मेरी क्रिसमस में कैटरीना ने मारिया का किरदार निभाया है। श्रीराम राघवन ने फिल्म में कैटरीना कैफ से उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ अभिनय कराया है। अपने बॉयफ्रेंड के दोस्त से शादी करने वाली मारिया का ये किरदार एक मां की लाचारी से उपजा है। उन्होंने अपने किरदार को लेकर कहा, श्रीराम सर आपको चम्मच से खाना नहीं खिलाते। वह आपको यह बताते हैं कि आप सीन में क्या महसूस कर रहे हैं और किरदार उन स्थितियों पर कैसी प्रतिक्रिया देगा, जिसमें वह हैं। वह आपको ईमानदारी की खोज करवाते हैं। इसलिए मेरी क्रिसमस पर काम करना एक ही समय में बेहद फायदेमंद और चुनौतीपूर्ण था। यह बहुत गहन प्रक्रिया थी, लेकिन अद्भुत थी। उन्होंने आगे कहा, मेरे किरदार और विजय सेतुपति के किरदार के बीच एक लंबा सीन था और श्रीराम सर चाहते थे कि हम इसकी प्रैक्टिस करें। पहली बार ऐसा करने के बाद, मैंने उनसे पूछा कि हम सीक्वेंस कब शूट करने जा रहे हैं और उन्होंने बस मुझे बताया कि सही समय जब होगा। हमने हर दिन उस सीन को लेकर प्रैक्टिस की, जब तक कि उन्हें ये पता नहीं चल गया कि हर कोई पूरी तरह से तालमेल बिठा रहा है और तभी उन्होंने इसे शूट किया। उन्होंने बताया कि जिस तरह उन्होंने यह शूट किया, उसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी।

# साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को हराया:जॉर्ज लिंडे ने 48 रन बनाए, 4 विकेट भी लिए; मिलर का अर्धशतक




साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को 11 रन से हरा दिया। टीम 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाने हैं।

साउथ अफ्रीका ने मंगलवार को डरबन में पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 183 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रन से मैच हार गई। इस मुकाबले में जॉर्ज लिंडे ने 4 विकेट लिए और 48 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। **मिलर की फिफ्टी, लिंडे ने 48 रन बनाए** साउथ अफ्रीका टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने आया तो रीजा हेंड्रिक्स समेत तीनों टॉप ऑर्डर बल्लेबाज 28 के स्कोर तक पवेलियन लौट गए। यहां से डेविड मिलर ने पारी को संभाला और 40 गेंद में 82 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 4 चौके और 8 छक्के भी लगाए। उनके अलावा बैटिंग में जॉर्ज लिंडे ने तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 24 गेंद की पारी में 48 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने 3-3 विकेट झटके। अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए। सुफियान मुकिम को 1 विकेट मिला। **रिजवान का अर्धशतक, लिडें ने 4 वेकट लिए** 184 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने एक छोर से टीम को लीड किया, लेकिन बाबर आजम अपने शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। सैम अय्यूब ने 31 रन बनाए,लेकिन पावरप्ले के तुरंत बाद वो भी पवेलियन लौट गए। रिजवान ने इस मैच में 74 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे ने 4 विकेट झटके। क्वेना मफाका ने 2 विकेट लिए। **शाहीन के 100 विकेट पूरे** पहले टी-20 मैच में शाहीन अफरीदी ने अपने स्पेल में 5.50 की इकॉनमी से 3 विकेट लिए थे। शाहीन पाकिस्तान के लिए टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि हारिस रऊफ और शादाब खान ने हासिल की थी। शाहीन ने 74 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पाकिस्तान के दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। हारिस रऊफ ने 71 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# सिराज ने ICC के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी:कहा- सब ठीक है, जिम जा रहा हूं; एक दिन पहले प्रैक्टिस नहीं की थी



**ब्रिस्बेन** भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज ICC के जुर्माने से ज्यादा परेशान नहीं हैं। मंगलवार को जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इससे परेशान हैं। इस पर सिराज ने कहा- 'सब ठीक है। मैं अभी जिम जा रहा हूं।' इससे पहले सिराज और जसप्रीत बुमराह ने टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया था। उन दोनों को वर्कलोड के चलते आराम दिया गया था। 2 दिन पहले 9 नवंबर को ICC ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड की मैच फीस पर जुर्माना लगाया है। दोनों के बीच एडिलेड टेस्ट के दौरान बहस हो गई थी।

**मैच के दूसरे दिन सिराज और हेड के बीच बहस हुई** भारत-ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन 7 नवंबर को सिराज और हेड के बीच बहस हो गई थी। 82वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट गंवाया। यहां ट्रैविस हेड 140 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का मारा, फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद हेड ने कुछ कहा जिसके बाद सिराज ने भी कुछ शब्द कहे और उन्हें सेंड ऑफ (बाहर जाने का इशारा किया) दिया। फिर हेड ने जाते हुए सिराज से कुछ कहा। ओवर के बाद सिराज को ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों की हूटिंग का सामना भी करना पड़ा था। **सिराज और हेड के बीच बहस हुई थी।** सिराज और हेड के बीच बहस हुई थी।

मैनें सिराज को वेल बोल्ड कहा था- हेड, सिराज बोले- झूठ बोल रहे हैं दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैनें सिराज को वेल बोल्ड कहा था, लेकिन उन्होंने फालतू में गुस्सा दिखाया। फिर सिराज ने तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले स्टार स्पोर्ट्स हिंदी से कहा, जब मैंने उसे (ट्रैविस हेड) बोल्ड किया, तो मैंने केवल सेलिब्रेट किया। उसने मुझे गाली दी और आपने इसे टीवी पर भी देखा।

# पहले कप्तान से भिड़ा, अब अंपायर को दी गाली... मुंबई इंडियंस के पूर्व धाकड़ पर भारी जुर्माना ठोका

**किसी खिलाड़ी के मैदान पर विपक्षी टीम के खिलाड़ी से भिड़ना सामान्य बात है। लेकिन कोई भी खिलाड़ी अंपायर से भिड़ने या गाली देने से बचता है। वेस्टइंडीज के एक बड़े खिलाड़ी को अंपायर पर इतना गुस्सा आया कि उसने गाली दे डाली।**

बैसेटेरे (सेंट किट्स): वेस्टइंडीज के गेंदबाज अल्जारी जोसेफ इस वक्त विवादों में हैं। वह कुछ दिन पहले ही अपने कप्तान शाई होप से मैदान पर भिड़ पड़े थे। इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच में होप से भिड़ने के बाद मैदान छोड़ दिया था। इसके लिए उन्हें सजा भी दी गई, लेकिन उन्होंने अब एक और बड़ी गलती कर डाली। उन पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान मैच अधिकारी के साथ बातचीत में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करके आईसीसी ने आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मेजबान टीम ने यह मैच 5 विकेट से जीता। जोसेफ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके अलावा जोसेफ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना रविवार को खेल शुरू होने से पहले हुई, जब चौथे अंपायर के साथ बहस में जोसेफ ने आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जबकि अंपायर ने जोसेफ को स्पाइक्स पहनकर पिच पर कदम रखने से मना किया था। जोसेफ ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप लगाए। लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है। जोसेफ ने 67 रन देकर 2 विकेट लिए और रोमारियो शेफर्ड ने 51 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 294/6 के स्कोर पर रोक दिया। कप्तान मेहदी हसन मिराज (74), तनजीद हसन (60), महमूदुल्लाह (नाबाद 50) और जैकर अली (48) ने बांग्लादेश को 294/6 के स्कोर पर पहुंचाया। शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों पर 113 रनों की पारी और कप्तान शाई होप की 86 रनों की पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 14 गेंद शेष रहते 295/5 का स्कोर बनाकर मैच जीत लिया।

# पहले कप्तान से भिड़ा, अब अंपायर को दी गाली... मुंबई इंडियंस के पूर्व धाकड़ पर भारी जुर्माना ठोका







**किसी खिलाड़ी के मैदान पर विपक्षी टीम के खिलाड़ी से भिड़ना सामान्य बात है। लेकिन कोई भी खिलाड़ी अंपायर से भिड़ने या गाली देने से बचता है। वेस्टइंडीज के एक बड़े खिलाड़ी को अंपायर पर इतना गुस्सा आया कि उसने गाली दे डाली।**

बैसेटेरे (सेंट किट्स): वेस्टइंडीज के गेंदबाज अल्जारी जोसेफ इस वक्त विवादों में हैं। वह कुछ दिन पहले ही अपने कप्तान शाई होप से मैदान पर भिड़ पड़े थे। इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच में होप से भिड़ने के बाद मैदान छोड़ दिया था। इसके लिए उन्हें सजा भी दी गई, लेकिन उन्होंने अब एक और बड़ी गलती कर डाली। उन पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान मैच अधिकारी के साथ बातचीत में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करके आईसीसी ने आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

मेजबान टीम ने यह मैच 5 विकेट से जीता। जोसेफ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके अलावा जोसेफ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना रविवार को खेल शुरू होने से पहले हुई, जब चौथे अंपायर के साथ बहस में जोसेफ ने आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जबकि अंपायर ने जोसेफ को स्पाइक्स पहनकर पिच पर कदम रखने से मना किया था। जोसेफ ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप लगाए। लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है। जोसेफ ने 67 रन देकर 2 विकेट लिए और रोमारियो शेफर्ड ने 51 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 294/6 के स्कोर पर रोक दिया। कप्तान मेहदी हसन मिराज (74), तनजीद हसन (60), महमूदुल्लाह (नाबाद 50) और जैकर अली (48) ने बांग्लादेश को 294/6 के स्कोर पर पहुंचाया। शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों पर 113 रनों की पारी और कप्तान शाई होप की 86 रनों की पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 14 गेंद शेष रहते 295/5 का स्कोर बनाकर मैच जीत लिया।

# राहुल द्रविड़ से ओपनिंग कराओ... मेजदार गलती पर सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को यूं घेर लिया

**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे मैच से पहले मैथ्यू हेडन ने एक बड़ी हास्यास्पद गलती की। उन्होंने प्लेइंग-11 की बात करते हुए राहुल द्रविड़ से ओपनिंग कराने की बात की। सुनील गावस्कर ने उनकी गलती पकड़ते ही राहुल द्रविड़ पर घेर लिया।**



**ब्रिस्बेन:** एक वक्त था जब टीम इंडिया में राहुल द्रविड़ की तूती बोलती थी। क्या मजाल जो कोई गेंदबाज उन्हें जल्दी आउट कर दे। उन्हें आउट करने वाला गेंदबाज खुद को खुश नसीब समझता था। यही वजह है कि आज भी भारत को दूसरे राहुल द्रविड़ की तलाश है। चेतेश्वर पुजारा के रूप में यह कमी पूरी होते दिखी, लेकिन वह भी खराब फॉर्म की वजह से टीम से इंडिया से बाहर हैं। यही वजह है कि आज भी राहुल द्रविड़ को भुलाया नहीं जा सका है। हालांकि, टीम इंडिया में एक और राहुल के रूप में केएल राहुल हैं। खैर, राहुल को लेकर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने लाइव एयर पर एक मजेदार गलती की। उन्होंने तीसरे टेस्ट को लेकर बात करते हुए राहुल द्रविड़ को ओपनिंग में नहीं उतारने की बात की और कहा कि वह मिडिल ऑर्डर में खेलेंगे तो टीम के लिए बेहतर होगा। इस पर उनके साथ ही बातचीत कर रहे महान सुनील गावस्कर ने उन्हें तुरंत ताना मार दिया। दरअसल, हेडन गुलाबी गेंद के टेस्ट में भारत की हार का विश्लेषण कर रहे थे और उनकी गलती पर गावस्कर हंस पड़े। बातचीत में सुनील गावस्कर पहले कहते हैं- मुझे लगता है कि उन्हें अगले टेस्ट के लिए ओपनिंग करनी चाहिए, क्योंकि उन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। यह पारी, कोई भी समझ सकता है, क्योंकि वह (रोहित शर्मा) कुछ समय से नहीं खेले थे। राहुल और जायसवाल ने पिछले गेम में 200 रन की साझेदारी की थी। लेकिन राहुल नीचे (मिडिल ऑर्डर में) आकर दूसरी नई गेंद का सामना कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत अगले गेम में इतनी अच्छी बल्लेबाजी करेगा कि राहुल दूसरी नई गेंद का सामना करेंगे। हेडन गावस्कर से सहमत नहीं थे और हमने कहा कि भारत को प्लेइंग इलेवन में जल्दबाजी में बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने तकनीकी रूप से मजबूत राहुल को ओपनर के रूप में जारी रखने का समर्थन किया, लेकिन अंत में केएल राहुल की जगह राहुल द्रविड़ बोल बैठे। उन्होंने कहा- मैं थोड़ा और जिद्दी हो जाऊंगा। मैं इस स्तर पर बदलाव नहीं करूंगा। मुझे पता है कि आप शीर्ष तीन में बेहतर परिणाम चाहते हैं। लेकिन मैंने पर्थ में जो देखा, तकनीकी रूप से राहुल द्रविड़ वहीं हैं।

# लगातार 3 छक्के, 39 गेंदों में ठोके 82 रन, डेविड मिलर ने पाकिस्तानी गेंदबाजों का भुर्ता बना दिया

**David Miller जिस अंदाज में पाकिस्तानी गेंदबाजों की धुनाई कर रहे थे, लग रहा था कि आज उनके बल्ले से शतक आने वाला है। मगर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपने सबसे मुख्य गेंदबाज को दोबारा अटैक पर लगाया और उन्हें पवेलियन की राह दिखाई।**




**डरबन:** पाकिस्तानी टीम के साउथ अफ्रीकी दौरे का आगाज हो चुका है। 10 दिसंबर की रात डरबन के किंग्समीड मैदान पर डेविड मिलर की आंधी आई। चौथे नंबर पर उतरे खब्बू बल्लेबाज ने सिर्फ 40 गेंदों में 82 रन की धुआंधार पारी खेल डाली। 205 की प्रचंड स्ट्राइक रेट से खेलते हुए उन्होंने चार चौके और आठ गगनचुंबी छक्के भी उड़ाए। मिलर ने ये रौद्र रूप तब दिखाया, जब 3.4 ओवर में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने सिर्फ 28 रन पर साउथ अफ्रीका के टॉप-3 बल्लेबाजों को आउट कर दिया था।

**एक ओवर में मारे लगातार तीन छक्के**

बाएं हाथ के खतरनाक बल्लेबाज ने 10वें ओवर में युवा स्पिनर अबरार अहमद को रिमांड पर लिया। लगातार तीन गेंदों में तीन छक्के मारकर पाकिस्तानी खेमे को टेंशन में डाल दिया। मिलर ने तीसरी बॉल डीप स्क्वैयर लेग के ऊपर से छक्के के लिए भेजी। ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी गई फुल लैंथ की चौथी बॉल पर दूसरा छक्का मारते हुए मिलर ने अपना अर्धशतक पूरा किया। वह यहीं नहीं रुके। पांचवीं गेंद पर लगातार तीसरा छक्का पूरा किया। इस मर्तबा गेंद बल्ले के बीचों-बीच टकराई और नतीजा देख हर कोई हैरान। बॉल स्टेडियम के बाहर चले गई।

**IPL में मिला 7 गुना ज्यादा पैसा** पिछले तीन साल से गुजरात टाइटंस का अभिन्न हिस्सा रहे डेविड मिलर को टीम ने मेगा ऑक्शन से पहले रीलीज करने का बड़ा फैसला लिया था। नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें सात गुना ज्यादा कीमत में खरीद लिया। मिलर का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपये था। लखनऊ ने 7.50 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा था। ओवरऑल प्रदर्शन की बात करें तो मिलर ने आईपीएल के पिछले 12 सीजन में कुल 130 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग तीन हजार रन के साथ उनके नाम एक शतक और 12 अर्धशतक भी शामिल हैं। साउथ अफ्रीका ने बनाए 183 रन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 183 रन बनाए। डेविड मिलर 40 गेंद में 82 रन बनाकर हाइएस्ट स्कोरर रहे। इसके बाद सातवें नंबर पर आए जॉर्ज लिंडे ने 24 गेंद में 48 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी चार ओवर में सिर्फ 22 रन देते हुए तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए।

# दोस्त ने मुलाकात करवाई, रब ने जोड़ी बनाई, चार साल की डेटिंग और फिर शादी, क्रिकेटर की फिल्मी लव स्टोरी

**एक प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज थे, जिनका करियर उतना लंबा नहीं चला, जिसके वो हकदार थे। धवल भारतीय क्रिकेट में एक चमकता सितारा बनने की क्षमता रखते थे। 10 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाने वाले धवल कुलकर्णी की लव लाइफ भी उनके करियर की तरह उतार-चढ़ाव से भरी रही।**



**नई दिल्ली:** मुंबई को भारतीय क्रिकेट की नर्सरी कहा जाता है। इस शहर ने एक, दो दर्जन नहीं बल्कि सैकड़ों खिलाड़ी टीम इंडिया को दिए, जिनमें से कई आगे चलकर विश्व विजेता बने। वही कुछ प्लेयर्स ऐसे भी थे, जो टैलेंटेड तो बहुत थे, लेकिन उन्हें नेशनल टीम में ज्यादा मौके नहीं मिले। धवल कुलकर्णी उन्हीं में से एक थे। एक प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज होने के बावजूद, घरेलू क्रिकेट में लगातार विकेट लेने के बावजूद वह इंटरनेशनल क्रिकेट में लंबे नहीं चल पाए। **दिलचस्प है धवल-श्रद्धा की लव स्टोरी** धवल कुलकर्णी की लव लाइफ उनके करियर की ही तरह उतार चढ़ाव से भरी रही। धवल ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड श्रद्धा खरपुड़े से शादी की। दोनों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद सात फेरे लिए थे। एक कॉमन दोस्त के जरिए दोनों की मुलाकात हुई थी, जिसके बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और फिर दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। श्रद्धा एक प्राइवेट कंपनी में फैशन कॉर्डिनेटर थीं। बाद में फेमिना मैग्जीन के लिए भी काम करने लगीं थीं। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस दिन धवल कुलकर्णी की शादी हुई, उसी दिन एक और भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा भी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। **ऐसा रहा धवल कुलकर्णी का करियर** धवल कुलकर्णी ने भारत के लिए 2 सितंबर 2014 को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था, जबकि आखिरी मैच न्यूजीलैंड के विरुद्ध रांची में 26 अक्टूबर, 2016 को खेला। 12 वनडे मुकाबले में उन्होंने 19 विकेट झटके। धवल कुलकर्णी को दो टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेलने का भी मौका मिला, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए। धवल कुलकर्णी फर्स्ट क्लास क्रिकेट के बड़े नाम रहे हैं। 96 प्रथम श्रेणी मैच में उन्होंने 285 विकेट लिए जबकि 130 लिस्ट ए मैच में उनके नाम 223 शिकार हैं।

# मुश्ताक अली-MP सेमीफाइनल पहुंची, सौराष्ट्र को हराया:वेंकटेश अय्यर मैन ऑफ द मैच; बड़ौदा ने बंगाल को 173 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु** वेंकटेश अय्यर ने मप्र की ओर से दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी झटके। मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम मौजूदा सीजन के टॉप-4 राउंड में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी है। बुधवार को मध्यप्रदेश की टीम ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 बॉल पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी चटकाए।

1. मप्र बनाम सौराष्ट्र: वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए, 2 विकेट भी झटके

अलूर में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग कर रही सौराष्ट्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मध्यप्रदेश ने 174 रन का टारगेट 20वें ओवर की दूसरी बॉल पर 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। एमपी की ओर से अर्पित गौड़ ने 29 बॉल पर 42 रन बनाए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 18 बॉल पर 28 रन जोड़े। वेंकटेश अय्यर 38 रन पर नाबाद लौटे।

सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी ने 45 बॉल पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सके। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने 2-2 विकेट झटके। त्रिपुरेश सिंह, शिवम शुक्ला और राहुल बाथम को एक-एक विकेट मिला। 2. बंगाल बनाम बड़ौदा: शाश्वत रावत की पारी से बड़ौदा ने 173 रन का टारगेट दिया

चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बंगाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। बड़ौदा की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। ओपनर शाश्वत रावत ने 26 बॉल पर 40 रन की पारी खेली।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 लालगुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फा नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670